SpellIndia
INDIA's No. 1
SPELLING BEE
Preparatory Study Material Provider
www.phonicsestore.com

ICSE ACADEMY
www.spellbeeacademy.com

Pati's

# PREPARE

for

# ICSE

Class 10

# HINDI

Questions ONLY

A Collection of Questions from Prelim exam papers of various ICSE schools

Pati's

ICSE ACADEMY:
How to Prepare for ICSE Class 10 exams

https://www.spellbeeacademy.com/icse.html

How to Prepare for ICSE Class 10 exams : Free Resources

Please click on subject to proceed further.


We will keep adding resources here till "March 2026".


So, save this link, keep visiting and stay updated.


( Resources include : Syllabus, Past Year Papers, Specimen Papers, Competency based Questions, Books pdf downloadable, 350+ Term Papers / Prelim Papers of various schools - across subjects, etc. )


01 English Literature
02 English Language
03 Geography
04 History & Civics
05 Physics
06 Chemistry
07 Mathematics
08 Biology
09 Computer Applications
10 Physical Education
11 Hindi
12 Commercial Studies
13 Economics
14 Technical Drawing
15 Environmental Science
16 Home Science
17 Gujarati
18 Marathi
19 French

**SCAN QR code to buy the book at amazon NOW.**

















**Scan QR code** for Free Access to
500+ Prelim Papers across 20 subjects


















Pati's
ICSE ACADEMY

# Prepare for ICSE CLASS 10
# Hindi

## Free Resources

## SCAN QR CODE Now

ICSE ACADEMY

# Set 3a : Question Papers

(Not in this flipbook, but in the flipbook for 3a)

1. AVM Group, Mumbai
2. Shriram Milennium School, NOIDA
3. Vissanji, Mumbai
4. Bhaktivedanta Mission, Mumbai
5. CNM, Mumbai
6. Hiranandani Foundation, Powai
7. Christ Church, Mumbai
8. Karnataka ICSE Schools Association
9. Bombay Scottish, Powai, Mumbai
10. Cathedral & John Connon, Mumbai

2025-2026 - Prelim 2

ICSE ACADEMY

# Set 3b : Question Papers

(in this flipbook)


11. Don Bosco, Kolkata

12. Queen Mary, Kolkata

13. Shishuvan, Mumbai

14. Lalitabai Podar, Mumbai

15. Rajkumar College, Raipur, Chattisgarh

16. St Peter's, Mumbai

17. Karnataka ICSE Schools Association


2025-2026 - Prelim 2

Pati's ICSE ACADEMY

**QUESTION PAPER 11**

**DON BOSCO SCHOOL, PARK CIRCUS**
**ICSE PRE-BOARD EXAMINATION 2025-2026**
**CLASS X : HINDI (2ND LANGUAGE)**

**TIME: 3HRS.** **FULL MARKS: 80**

*(Answer to this paper must be written on the paper provided separately.
Candidates are allowed the first 15 minutes to only read the paper. They must not start writing at this point of time.
This paper comprises of two sections- Section A and Section B.
Attempt all questions from Section A. Attempt any four questions from Section B.
Answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.
The intended marks for the questions or the parts of the questions are given in brackets.)*

## SECTION A
**(40 MARKS)**
**ATTEMPT ALL QUESTIONS**

Q1. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए। (15)

क). "आधुनिक युग में सहशिक्षा (Co-education) उपयोगी है या अनुपयोगी।" - प्रस्तुत विषय के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार लिखिए।

ख). "स्वच्छता अभियान में सरकारी तंत्र की अपेक्षा नागरिकों की जागरूकता अधिक प्रभावपूर्ण मानी जाती है।" जनता के सहयोग से ही देश स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट करें।

ग). "मानवीयता को भाषा के बंधनों में नहीं बांधा जा सकता।" इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

घ). "जाको राखे साइयां, मार सके न कोय।" - लोकोक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

ङ). नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और उसे आधार बनाकर कोई लेख, घटना या कहानी लिखिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।



Pati's
ICSE ACADEMY

Q2. किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (7)

क). कश्मीर (पहलगाम) में हुए आतंकी हमले के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' का वर्णन करते हुए विदेश में रहने वाले अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

ख). अपने नगर से निकलने वाले किसी दैनिक (daily) समाचार-पत्र के संपादक को अपने नगर में फैलती गंदी बस्तियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु एक पत्र लिखिए।

Q3. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसी नगर में एक जुलाहा रहता था। स्वभाव का वह बड़ा अच्छा था। सभी से मीठा बोलता था और कभी किसी से नाराज नहीं होता था। लोग उसे संत कहा करते थे।

एक दिन कुछ शरारती लड़के, उसके यहां पहुंचे। वे उसकी परीक्षा लेकर देखना चाहते थे, कि उसे कैसे गुस्सा नहीं आता। उनमें से एक बहुत धनी व्यक्ति का लडका था। उसे अपने पैसे का घमंड था। उन लड़कों को देखते ही जुलाहे ने बड़े प्यार से कहा, "आओ बेटा तुम लोगों को क्या चाहिए?" सामने रखी साड़ियों में से एक की और इशारा करके एक लड़के ने कहा, "मुझे वह साड़ी चाहिए उसका क्या लोगे?"

जुलाहे ने कहा, "दो रुपए।"

उस लड़के ने वह साड़ी हाथ में ले ली और उसके दो टुकड़े कर डाले। बोला, "मुझे पूरी नहीं, आधी चाहिए। इसका क्या लोगे?"

जुलाहे ने बड़ी शांति से कहा, "एक रुपया।"

नौजवान ने उस आधी साड़ी के भी दो टुकड़े करके पूछा, "इसका क्या दाम होगा?"

"आठ आना"। जुलाहे ने बिना किसी प्रकार की नाराजगी के कहा।

लड़का तो उसको चिढ़ाना चाहता था। वह साड़ी के टुकड़े पर टुकड़े करता गया, पर जुलाहे ने ना उसको रोका, न डाँटा, न अपने माथे पर सिकन तक आने दी।

जब साड़ी के बहुत से टुकड़े हो गए, तो लड़का हँसकर बोला, "ये टुकड़े मेरे किस काम के! मैं इन्हें नहीं खरीदूँगा।" जुलाहे ने शांत भाव से कहा, "तुम ठीक कहते हो बेटा, ये टुकड़े अब तुम्हारे क्या, किसी के भी काम नहीं आ सकते।" लड़के को इस बात पर कुछ शर्म आई। उसने कहा, "यह लो, मैं तुम्हें पूरी साड़ी के दाम दिए देता हूं।" जुलाहे ने रुपए नहीं लिए। बोला,

Pati's
ICSE ACADEMY

मैं इन टुकड़ों को जोड़कर काम में ले आऊँगा। पर ये तुम्हारे काम नहीं आ सकते, तो मैं इनका दाम कैसे ले सकता हूं।"

लड़के के ऊपर तो अपने धन का नशा चढ़ा था। उसने कहा, "मेरे पास बहुत रुपए हैं, पर तुम गरीब हो। मैंने तुम्हारी चीज खराब कर दी। उसका घाटा मुझे पूरा करना चाहिए।" जुलाहे ने धीमी आवाज में कहा, "क्या तुम इसका घाटा पूरा कर सकते हो? क्या तुम समझते हो कि रुपए से यह घाटा पूरा हो जाएगा? देखो किसानों की मेहनत से कपास पैदा हुई। उसकी रुई से मेरी स्त्री ने सूत काता। मैंने उस सूत को रंगा, फिर उससे साड़ी बुनी। हमारी मेहनत तब कारगर होती, जब कोई उस साड़ी को पहनता। तुमने तो उसके टुकड़े-टुकड़े कर डाले। इतने लोगों की मेहनत बेकार गई। रुपए इस घाटे को कैसे पूरा कर सकते हैं।"

जुलाहे की आवाज में तनिक भी आवेश नहीं था। वह तो उसे ऐसे समझा रहा था, जैसे बाप बेटे को समझाता है। लड़का पानी-पानी हो गया। उसकी आंखें भर आईं। वह जुलाहे के पैरों पर गिर गया। जुलाहे ने उसे उठाकर अपनी छाती से लगाते हुए कहा, "बेटा, अगर मैं लालच करके दो रुपए ले लेता, तो तुम्हारी जिंदगी का वही हाल हुआ होता, जो इस साड़ी का हुआ। वह किसी के काम ना आती। अब तुम समझ गए। आगे ऐसी गलती कभी नहीं करोगे। एक साड़ी खराब हुई, दूसरी तैयार हो सकती है, लेकिन जिंदगी बिगड़ गई तो कैसे सुधारोगे?" लड़का और उसके साथी बहुत शर्मिंदा हुए और सिर नीचा करके अपने-अपने घर चले गए।

यह जुलाहे थे दक्षिण के महान संत तिरुवल्लुवर जिनका लिखा हुआ 'कुरल' आज दो हज़ार वर्ष बाद भी बड़ी श्रद्धा से पढ़ा जाता है।

क). जुलाहा कौन था? उसका स्वभाव कैसा था? (2)

ख). लड़के जुलाहे की परीक्षा क्यों लेना चाहते थे? वे साड़ी के टुकड़े-टुकड़े क्यों कर रहे थे? (2)

ग). लड़के द्वारा चिढ़ाए जाने पर जुलाहे ने क्या कहा? उसने साड़ी का दाम क्यों नहीं लिया? (2)

घ). लड़के पर जुलाहे की बात का क्या प्रभाव पड़ा? (2)

ङ). प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिली? (2)

Q4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। (1 x 8)

क). "इच्छा" का विशेषण :-

(a). ऐच्छिक

(b). ऐंचछिक

(c). एचीछक

(d). ऐइचीक

ख). "तामसिक" का विलोम :-

(a). सातविक

(b). शातविक

(c). शात्विक

(d). सात्विक

ग). "प्रतिनिधि" की भाववाचक संज्ञा :-

(a). प्रतिनिधी

(b). प्रतिनिधता

(c). प्रतिनिधित्व

(d). प्रतनिधीत्व

घ). "बादल" का पर्यायवाची शब्द :-

(a). मेघ - जलद

(b). जलज - पंकज

(c). कमल - घन

(d). वारिद - सरस

ङ). "प्रीक्षा" का शुद्ध रूप :-

(a). परिक्षा

(b). परिछा

(c). परीक्षा

(d). प्रीछा

च). "थोड़े से शब्दों में अधिक कहना" - का मुहावरा होगा :-

(a). गले का हार

(b). हाथ साफ करना

(c). गागर में सागर भरना

(d). अवसर का लाभ उठाना

छ). "गलत बात के लिए हठ करना" - वाक्यांश के लिये एक शब्द :-

(a). दावानल

(b). अनाल

(c). दुराग्रह

(d). विनती

Pati's
ICSE ACADEMY

(ज). निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :-

जब वर्षा होती है, तो मोर नाचते हैं। (सरल वाक्य बनाइए)

(a). वर्षा होती है और मोर नाचते हैं।

(b). वर्षा होने पर मोर नाचते हैं।

(c). मोर नाचते हैं जब वर्षा होती है।

(d). मोर नाचते हैं तो वर्षा होती है।

## SECTION B
(40 MARKS)

**दो पुस्तकों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

### साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

Q5. पशु-समाज में इस 'क्रांतिकारी' परिवर्तन से हर्ष की लहर दौड़ गई कि सुख-समृद्धि और सुरक्षा का स्वर्ण-युग अब आया और वह आया।

[भेड़ें और भेड़िए- हरिशंकर परसाई]

क). 'क्रांतिकारी' परिवर्तन क्या था? पशु-समाज के प्रसन्न होने का क्या कारण था ? (2)

ख). जिस वन-प्रदेश की यह कहानी है उसमें किस पशु समाज का बहुमत था, और उनका स्वभाव कैसा था? (2)

ग). बूढ़े सियार ने चुनाव प्रचार के लिए क्या योजना बनाई, क्या उसे उसमें सफलता मिली? (3)

घ). भेड़िए का रूप किस तरह बदला गया? इसका क्या परिणाम हुआ? (3)

Q6. एक दिन सेठानी ने कहा," न हो तो एक यज्ञ ही बेच डालो।"

[महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल]

क). सेठानी ने यज्ञ बेचने की सलाह किसे और क्यों दी? (2)

ख). उन दिनों कौन-सी प्रथा प्रचलित थी? (2)

ग). अपना एक यज्ञ बेचने के लिए कौन कहां गया? उसने यज्ञ क्यों नहीं बेचा? (3)

घ). यज्ञ नहीं बेचने का पुरस्कार किसे और किस रूप में मिला? इस कहानी से आपको क्या सीख मिली? (3)

Pati's
ICSE ACADEMY

Q7. तीसरी बार फिर नया चश्मा था।

[नेता जी का चश्मा- स्वयं प्रकाश]

क). पहली बार और दूसरी बार के चश्मे में क्या अंतर था? (2)

ख). पानवाला कैसा व्यक्ति था? उसने नेताजी के बदलते चश्मे के बारे में क्या बताया? (2)

ग). दो साल में हालदार साहब ने नेताजी की आँखों पर कितने तरह के चश्मे देखे? (3)

घ). हालदार साहब की आंखे क्यों भर आईं? इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है? (3)

## पद्य भाग

Q8. खीजत जात माखन खात।
अरुण लोचन, भौंह टेढी, बार-बार जम्हात॥

[सूर के पद - सूरदास]

क). कवि का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (2)

ख). मक्खन खाते हुए कृष्ण की क्रियाओं का वर्णन कीजिए? (2)

ग). कवि ने उपर्युक्त पद में कृष्ण के बाल-रूप का वर्णन किस प्रकार किया है? (3)

घ). अर्थ लिखिए:- अधर, अलक, धूल-धूसर, तुतरे, सैन, धरनी। (3)

Q9. साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएं से वे मलते हुए पेट को चलते,
और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढाए।

[भिक्षुक - सूर्यकांत त्रिपाठी "निराला"]

क). दो बच्चे किसके साथ हैं? वे क्या कर रहे हैं? (2)

ख). भिक्षुक की दयनीय स्थिति का वर्णन कीजिए। (2)

ग). जूठी पत्तल कौन और कहाँ चाट रहे हैं? उन्हें झपट लेने को कौन अड़े हैं? (3)

घ). अर्थ लिखिए:- दृष्टि, सड़क, विधाता, दाता, ओंठ, सदा । (3)

Q10. पानी बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़ै दाम।

दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम।।

[कुंडलियाँ - गिरधर कविराय]

क). घर में धन और नाव में पानी बढ़ जाने पर हमें क्या करना चाहिए? (2)

ख). बड़े लोगों की क्या सीख है? (2)

ग). पर-स्वारथ का क्या अभिप्राय है? इसके लिए हमें क्या करना चाहिए? इससे हमें क्या लाभ मिलता है? (3)

घ). अर्थ लिखिए:- पाती, बिरला, कोकिला, बयारि, शीश, सयानो । (3)

..........

shishuvan

**HINDI**
**(SECOND LANGUAGE)**
**STD X**

*Maximum marks – 80*
*Time allowed – Three hours*
*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

*Section A is compulsory-**All** questions in **Section A** must be answered.*
*Attempt **any four** questions from **Section B**, answering at least **one** question from the two books you have studied and any **two** questions from the same books you have studied.*
*The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [].*

**SECTION A**
*(Attempt **all** questions from this **Section**.)*

**Question 1** [15]

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics:
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:

i) आज-कल अच्छे कॉलेजों में एडमिशन मिलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। दिन-ब-दिन एडमिशन के लिए आवश्यक उच्च अंकों के बढ़ते स्तर के कारण सामान्य स्तर के छात्रों को अपने मनचाहे कॉलेज और विषय को चुनने का अवसर नहीं मिल पाता है। इन बातों का उसके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है और इस दिशा में सुधार लाने के लिए कौन-कौन से उपाय किये जा सकते हैं? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

ii) कल्पना कीजिए कि आपको शार्क टैंक के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है। उस कार्यक्रम के स्थान और रुपरेखा का वर्णन करते हुए बताइए कि वहाँ आप किस उत्पादन/सामान के लिए वहाँ गए? आपके उस सामान की क्या विशेषता थी और आपको वहाँ किस प्रकार का सहयोग मिला? अपने इस अनोखे अनुभव के बारे में विस्तार से लिखिए।

iii) 'केवल शिक्षा ही किसी भी समाज और देश की उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। अशिक्षित व्यक्ति जीवन में सफल नहीं हो सकता।' प्रस्तुत कथन पर उदाहरण देते हुए इसके पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

iv) 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे' उक्ति पर आधारित कहानी लिखिए।

v) पीछे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए:




**Question 2** [7]

Write a letter in Hindi approximately in 120 words on any one of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में पत्र लिखिए:

i) आपके शहर में किसी मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे खोदे गए हैं। इसके अलावा स्पीड कम करने के लिए स्थान-स्थान पर स्पीड ब्रेकर भी हैं। इनके कारण आपके क्षेत्र के वासियों को होने वाली असुविधा की शिकायत करते हुए महानगर पालिका के आयुक्त पत्र लिखिए।

या

ii) आप विदेश जाकर उच्च-शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। वहाँ पढ़ रहे अपने मित्र से राय माँगते हुए पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible [10]

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:

एक बार की बात है। एक परिवार में सास-ससुर, बेटा और बहू-चार लोग साथ रहते थे। परिवार में प्रेम और शांति का वातावरण था तथा समय सुखपूर्वक व्यतीत हो रहा था। कुछ वर्षों बाद सास के मन में गंगा-स्नान करने की तीव्र इच्छा जागी। उन्होंने अपने पति के साथ काशी जाकर गंगा-स्नान करने का निश्चय किया। इस यात्रा में उन्होंने बेटे-बहू को साथ ले जाने का विचार नहीं किया क्योंकि घर में गाय की देखभाल के लिए कोई नहीं था।

जब बहू को यह पता चला कि सास-ससुर गंगा-स्नान के लिए जा रहे हैं, तो उसके मन में हल्की-सी उदासी आ गई। वह सोचने लगी कि अवश्य ही उसके भाग्य में कोई कमी होगी, तभी वह इस पवित्र यात्रा से वंचित रह गई। उसने मन ही मन अपने कर्मों को दोष देना शुरू कर दिया। फिर भी

उसने सास से आदरपूर्वक कहा, "माँ, आप निश्चिंत होकर गंगा-स्नान करिए और यात्रा का आनंद लीजिए। घर की चिंता मत करिए, मैं सब संभाल लूँगी।"

सास-ससुर काशी के लिए रवाना हो गए। उधर बहू घर पर रहकर अपने विचारों से जूझती रही। उसने अंत में स्वयं को समझाया और मन को शांत कर लिया। इधर काशी में गंगा-स्नान करते समय सास के मन में अचानक घर की चिंता उठी। उन्हें याद आया कि जल्दी में वे घर की अलमारी खुली छोड़ आई हैं। उनके मन में शंका उत्पन्न हुई कि कहीं बहू गहने न निकाल ले। इन्हीं चिंताओं में डूबी हुई वे स्नान कर रही थीं कि अचानक उनके हाथ से सोने की अँगूठी निकलकर गंगा में गिर गई। अब उनका मन और अधिक विचलित हो गया। स्नान और पूरी यात्रा के दौरान उनका ध्यान बार-बार उसी चिंता में उलझा रहा।

उधर घर सँभालते हुए बहू सास-ससुर को याद कर रही थी। उसने सोचा कि सासु-माँ गंगा-स्नान कर रही हैं, तो क्यों न वह भी श्रद्धा भाव से स्नान करे। उसने लकड़ी की एक छोटी-सी कठौती में पानी भरा और मन ही मन गंगा को स्मरण करते हुए उसी पानी से स्नान करने लगी। तभी पानी लेते समय उसकी उँगलियों में एक अँगूठी आ गई। वह चकित रह गई, क्योंकि यह वही अँगूठी थी जिसे सास पहनकर गई थीं। बहू ने बिना किसी लोभ के उस अँगूठी को अलमारी में सुरक्षित रख दिया और निश्चय किया कि सास के लौटने पर उन्हें लौटा देगी।

जब सास-ससुर यात्रा पूरी कर घर लौटे, तो बहू ने उनका आदरपूर्वक स्वागत किया और यात्रा के विषय में पूछा। सास ने कहा कि गंगा-स्नान तो किया, पर मन बिल्कुल भी शांत नहीं रहा। बहू के कारण पूछने पर उन्होंने घर की चिंता और अँगूठी गिरने की बात बताई। तब बहू उठी, अलमारी से अँगूठी निकालकर सास के हाथ में रख दी। सास यह देखकर स्तब्ध रह गईं। बहू ने पूरी घटना सच्चे मन से सुना दी।

यह सुनकर सास की आँखों में आँसू आ गए। उन्होंने कहा, "बहू, वास्तव में पुण्यवान तो तू है। मेरे मन में गंगा के किनारे भी संदेह और लोभ था, जबकि तेरे मन में पवित्रता और श्रद्धा थी। इसी कारण तेरी कठौती में ही गंगा प्रकट हो गई।"

इस कथा का सार यही है कि सच्ची पवित्रता बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि मन की शुद्धता में होती है। यदि मन पवित्र हो, तो कठौती में भी गंगा का अनुभव किया जा सकता है।

प्रश्न:

i) सास-ससुर ने गंगा-स्नान के लिए किस स्थान की यात्रा की और वे बेटे-बहू को साथ क्यों नहीं ले गए? [2]

ii) बहू के मन में गंगा-स्नान को लेकर कौन-से विचार उत्पन्न हुए? उसने अपने आप को कैसे समझाया? [2]

iii) गंगा-स्नान करते समय सास के मन में कौन-सी चिंता उत्पन्न हुई और उसके साथ क्या घटना घटी? [2]

iv) बहू ने कठौती में स्नान क्यों किया और उसे उसमें क्या मिला? [2]

v) 'यदि मन अशुद्ध या चिंता से भरा हो, तो बाहरी पवित्र स्थान या धार्मिक क्रियाएँ भी पवित्रता नहीं ला सकती।' इस गद्यांश को ध्यान में रखते हुए इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instruction given:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए: [8]

i 'समय' के उचित पर्यायवाची शब्दों का जोड़ा चुनकर लिखिए - [1]

a) काल-सावधि b) काल-चक्र

c) काल-अवधि d) कल- अवसर

ii 'तीव्र' का विलोम चुनकर लिखिए - [1]

a) मंद b) भोंदू

c) बुद्धू d) अज्ञ

iii 'आसक्त' की भाववाचक संज्ञा चुनकर लिखिए- [1]

a) आसक्ती b) आसक्ति

c) सक्ति d) मुक्ति

iv 'अनुभव' का विशेषण शब्द चुनकर लिखिए- [1]

a) अनुभूत b) अनुभूति

c) अनुभवी d) अनुभाव

v 'अशीरवाद' का शुद्ध शब्द चुनकर लिखिए- [1]

a) आशीर्वाद b) अशीर्वाद

c) आशिर्वाद d) आर्शीवाद

vi 'नाक में दम करना' मुहावरे का अर्थ चुनकर लिखिए- [1]

a) बहुत हैरान होना b) बहुत परेशान करना

c) बहुत मज़े करना d) नाक मरोड़ना

vii 'मक्खी' का तत्सम शब्द चुनकर लिखिए- [1]

a) मक्षिका b) मक्षीका

c) मच्छिका d) मूषिका

viii निम्नलिखित रेखांकित वाक्यांश हेतु उचित एक शब्द चुनकर लिखिए- [1]

ईश्वर के गुण <u>गिने नहीं जा सकते</u>।

a) ईश्वर के गुण अनत हैं। b) ईश्वर के गुण अनगनत हैं।

c) ईश्वर के गुण अनगिणत हैं। d) ईश्वर के गुण अनंत हैं।

**SECTION B**

*(Attempt **four** questions from this Section)*
*(You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any other **two** questions)*

**साहित्य-सागर -पद्य**
**(SAHITYA SAGAR-POEMS)**

**Question 5**
Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

"लाठी में गुण बहुत हैं, सदा राखिए संग।
गहरी नदी, नारी जहाँ, तहाँ बचावै अंग।।
तहाँ बचावै अंग, झपटि कुत्ता कहँ मारै।
दुश्मन दावागीर, होय तिनहूं को झारै।।
कह 'गिरिधर कविराय' सुनो हो धूर के बाठी।
सब हथियार न छाँड़ि, हाथ महँ लीजै लाठी।।"

'कुंडलियाँ'
गिरिधर कविराय

प्रश्न:

| | | |
|---|---|---|
| i | कवि ने क्या साथ रखने की सलाह दी है और क्यों? | [2] |
| ii | 'लाठी किन-किन परिस्थियों में सहायता करती है? स्पष्ट कीजिए। | [2] |
| iii | शब्दार्थ लिखिए- दावागीर, झपटि, सदा, तहाँ, छाँड़ि, तिनहूँ | [3] |
| iv | प्रस्तुत कुंडलियों के माध्यम से कवि ने क्या सन्देश दिया है? | [3] |

**Question 6**
Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

*मैया मेरी, चंद्र खिलौना लैहों।*
*धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुंथैहों।*
*मोतिन माल न धरिहौं उर पर, झुंगली कंठ न लैहों ।।*
*जैहों लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहों।*
*लाल कहैहौं नंद बाबा को, तेरो सुत न कहैहों ।।*
*कान लाय कछु कहत जसोदा, दाउहिं नाहिं सुनैहौं।*
*चंदा हूँ ते अति सुंदर तोहिं, नवल दुलहिया ब्यैहौं।।*
*तेरी सौं मेरी सुन मैया, अबहीं ब्याहन जैहौं।*
*'सूरदास' सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहौं।।*

'सूर के पद'
सूरदास

प्रश्न:

i यहाँ कौन, किससे और क्या माँग रहा है? [2]

ii माँ को किस-किस बात की धमकी देते हैं? [2]

iii कवि परिचय लिखिए। [3]

iv कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

"चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी है अड़े हुए।
ठहरो, अहो मेरे हृदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा।
अभिमन्यु-जैसे हो सकोगे तुम,
तुम्हारे दुःख मैं अपने हृदय में खींच लूँगा।।"

'भिक्षुक'

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

प्रश्न:

i भिक्षुक और उसके बच्चे जूठी पत्तलें चाटने को क्यों विवश है? [2]

ii 'ठहरो, अहो मेरे हृदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा' पंक्ति की व्याख्या कीजिए। [2]

iii अभिमन्यु कौन था? यहाँ उसका किस सन्दर्भ में प्रयोग किया गया है? [3]

iv क्या आज भी समाज में भिखारियों की दशा सचमुच दयनीय है? अपने विचार लिखिए। [3]

## एकांकी संचय

**(EKANKI SANCHAY)**

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

"काश कि मैं निर्मम हो सकती, काश कि मैं संस्कारों की दासता से मुक्त हो सकती! हो पाती तो कुल, धर्म और जाति का भूत मुझे तंग न करता और मैं अपने बेटे से न बिछुडती। स्वयं उसने मुझसे कहा था, "संस्कारों की दासता सबसे भयंकर शत्रु है।"

'संस्कार और भावना'

विष्णु प्रभाकर

प्रश्न:

i यहाँ वक्ता कौन है और श्रोता कौन है? [2]

ii वक्ता ऐसा क्यों कह रही है? [2]

iii वक्ता और उसके बेटे के अलग होने की घटना को संक्षेप में समझाइए। [3]

iv वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

Pati's
ICSE ACADEMY



**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

"कह नहीं सकता संजय! किसके पापों का परिणाम है, किसकी भूल थी जिसका भीषण विष फल हमें मिला। ओह! क्या पुत्र-मोह अपराध है, पाप है? क्या मैंने कभी-भी.........कभी-भी........"।"

'महाभारत की एक साँझ'
भारतभूषण अग्रवाल

प्रश्न:

i यहाँ वक्ता और श्रोता कौन है? [2]

ii वक्ता को पुत्र-मोह, अपराध या पाप क्यों लग रहा है? [2]

iii वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

iv 'हम जैसा करते हैं; हमें वैसा ही फल मिलता है, फिर चाहे वह हम किसी के लिए भी कर रहे हों।' कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

"मैंने आज तुम सबको एक विशेष अभिप्राय से बुलाया है। मुझे यह सुनकर बड़ा दुःख हुआ कि छोटी बहू का मन यहाँ नहीं लगता।"

'सूखी डाली'
उपेंद्रनाथ 'अश्क'

प्रश्न:

i उपर्युक्त पंक्तियों में वक्ता कौन है और श्रोता कौन है? [2]

ii प्रस्तुत कथन का प्रसंग समझाइए। [2]

iii वक्ता का चरित्र-चित्रण करते हुए बताइए कि उसने सबको क्यों सावधान किया? [3]

iv एकांकी का उद्देश्य क्या है और क्या वह सिद्ध हो पाया? अपने विचार लिखिए। [3]

***********************हार्दिक शुभकामनाएँ****************************

**QUESTION PAPER 13**

# LILAVATIBAI PODAR HIGH SCHOOL ( ISC )

## PRELIMINARY EXAMINATION - II 2025-2026

**SUBJECT: HINDI** **Grade:X**

**Maximum Marks : 80** **Time allowed : 3 Hours**

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*
*Attempt all questions from Section A and any four from Section B.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

SECTION A (40 Marks)

**Question :1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:-**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त हिंदी लेख लिखिए।** [15]

**(i)** राष्ट्र की उन्नति के लिए यह बहुत जरूरी है कि उसकी आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं को सशक्त बनाया जाए प्रस्तुत कथन के संदर्भ में भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

**(ii)** बचपन में हम सभी अपने विद्यालयों में पुस्तकों से, अपने माता-पिता व गुरुजनों से नैतिक मूल्य सीखते हैं परंतु उनका असली महत्व हमें जीवन के अनुभवों से समझ में आता है। इस कथन पर अपने विचार प्रकट करते हुए, अपने जीवन की किसी एक घटना का वर्णन कीजिए जिससे आपको नैतिक मूल्यों का सच्चा महत्व समझ में आया।

(iii) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) का बढ़ता उपयोग विद्यार्थियों को आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बना रहा है आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं। अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**(iv)** 'काश ! मैंने अपने दिमाग की जगह दिल की बात सुनी होती !' पंक्ति से आरंभ करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए।

**(v)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख ,घटना या कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



Pati's ICSE ACADEMY

**Question : 2**

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below :

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :** [7]

(i) पिछले महीने कुछ प्रयासों द्वारा आपके विद्यालय के छात्रों ने कुछ धनराशि एकत्रित करके मूक-बधिर विद्यालय के छात्रों की मदद की थी। इसका वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए और बताइए कि हमें समाज के विकलांग लोगों के प्रति कैसा व्यवहार रखना चाहिए। उनकी सहायता के लिए किस प्रकार के प्रयास करने चाहिए।

**अथवा**

(ii) अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने सहपाठी की बहादुरी से अवगत कराइए और उनसे प्रार्थना कीजिए कि "वीरता पुरस्कार 2025" के लिए सरकार की ओर से उसे पुरस्कृत किया जाएं ।

**Question : 3** Read the following passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।**

स्वामी विवेकानंद अभी बालक ही थे ,लेकिन सत्य की खोज में घर से निकल कर नगर-नगर घूम रहे थे। घूमते-घूमते वे काशी जा पहुँचे। काशी के मंदिरों में घूमते हुए वे एक दिन नगर से बहुत दूर निकल गए । यह स्थान कुछ निर्जन और सुनसान सा था। इस स्थान में एक ओर तो बड़ा सा तालाब था और दूसरी ओर ऊँची दीवार थी। दीवार के साथ-साथ लगे पेड़ों पर बहुत से बन्दर बैठे थे। एक बन्दर जो बहुत ही बड़ा था , उछल-कूद करता हुआ उनके पास आया और दाँत किटकिटाकर वापस पेड़ पर जा बैठा। बालक विवेकानंद कुछ भयभीत हुए। उनको डरा हुआ जानकर दूसरे पेड़ से एक और बन्दर नीचे उतरा और कूदता फाँदता उनके पास आया। विवेकानंद सहम गये। उन्होंने दृष्टि उठाकर देखा तो आस-पास दूर तक कोई मनुष्य दिखाई नहीं दिया। फिर उन्होंने पेड़ की ओर दृष्टि घुमाई। यह देखकर सहम गये कि चारों ओर बन्दर-ही-बन्दर हैं और सभी बन्दर उनकी ओर देख रहे हैं। उनको काटों तो खून नहीं। कंठ सूखने लगा और ऊपर की साँस ऊपर और नीचे की नीचे रह गई।

वह तेज कदमों से आगे बढ़ने लगे, लेकिन बंदर अब उनके आस -पास आकर उछलने लगे थे। धीरे -धीरे बंदर उनके पास जमा होने लगे। कोई उनके शरीर पर चढ़ जाता तो कोई दाँत किटकिटाकर डरा जाता। विवेकानंद डरकर भागने लगे। अब तो विवेकानंद बहुत भयभीत हो गए। उन्होंने तेजी से भागना शुरू किया। इस पर बंदर भी तेज भागकर उन पर उछलने

Pati's
ICSE ACADEMY

लगे। स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई तो विवेकानंद और भी तेज भागने लगे। बंदर भी उसी रफ्तार से तंग करते हुए भागने लगे। एकाएक विवेकानंद ने सुना, "भागों मत , मुकाबला करो।" ये शब्द सुनकर विवेकानंद ठिठक गये। दृष्टि घुमा कर देखा तो तालाब से नहाकर आए एक वृद्ध सामने खड़े थे। उन्होंने कहा "हाँ, डरो मत, मुकाबला करो।"

सामने वृद्ध को देखकर विवेकानंद में कुछ साहस आया। वह पलटे और एक बंदर की तरफ भागे । बंदर पीछे हट गया। बंदरों के पीछे हटने से विवेकानन्द का हौसला बढ़ गया । वह धरती पर पड़ी एक सूखी लकड़ी उठाकर सभी बंदरों की तरफ लपके। बंदर पेड़ों पर जा चढ़े।

वृद्ध उनके पास आया और उनसे पूछा, "तुम भाग क्यों रहे थे?" विवेकानंद ने कहा, "मैं डर गया था।"

वृद्ध ने कहा ,"तुम्हें मुकाबला करना चाहिए था।"

"कैसे करता मुकाबला, हाथ में कुछ भी नहीं था?"

वृद्ध ने कहा, "अब कैसे किया मुकाबला?"

"आपके आने से हिम्मत बढ़ गई और मुकाबला किया।" वृद्ध ने समझाया, "अगर मैं न आता तो ये बन्दर तुम्हें काट-काटकर घायल कर देते, लेकिन किया तो मैंने कुछ भी नहीं, जो कुछ किया तुमने ही किया। तुमने यह किया कि अपना मनोबल एकत्रित कर लिया। याद रखो, मन के हारे हार हैं , मन के जीते जीत। भागने से मुक्ति नहीं मिलती, बल्कि मनोबल के साथ मुकाबला करने से ही मुक्ति मिलती है।"

(i) स्वामी विवेकानंद काशी कैसे पहुँचे और वहाँ उनके साथ क्या घटना घटी? [2]

(ii) निर्जन स्थान का वातावरण विवेकानंद के मन पर क्या प्रभाव डालता है?समझाइए। [2]

(iii) विवेकानंद बंदरों से कैसे बचने का प्रयास करते हैं और यह प्रयास क्यों असफल होता है? अपने शब्दों में लिखिए। [2]

(iv) वृद्ध व्यक्ति की सलाह से विवेकानंद के व्यवहार में कौन सा परिवर्तन आया ? स्पष्ट कीजिए। [2]

(v) इस गद्यांश से आपको क्या प्रेरणा और शिक्षा मिलती है? [2]

## Question 4

Answer the following according to the instructions given :-

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनिए और लिखिए :-**

(i) **' अतिथि ' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए :** [1]

(a) अतिथिता (c) अतिथिगण

(b) आतिथ्य (d) आतिथेय

Pati's
ICSE ACADEMY

**(ii) 'पिता' शब्द का विशेषण बताइए :** [1]

(a) पितामाह
(b) पितृपक्ष
(c) पितृत्व
(d) पैतृक

**(iii) ' शोभा ' का पर्यायवाची होगा :** [1]

(a) आभा , पावस
(b) चमक , सुरभि
(c) कांति , सुषमा
(d) सुंदरता , रमणीय

**(iv) 'विख्यात ' का विलोम बताइए :** [1]

(a) प्रख्यात
(b) ख्याति
(c) सुविख्यात
(d) कुख्यात

**(v) 'गागर में सागर' मुहावरे का अर्थ बताइए :** [1]

(a) सागर से पानी भर कर लाना
(b) थोड़े से शब्दों में अधिक कहना
(c) बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना
(d) अधिक शब्दों में थोड़ा कहना

**(vi) 'सामार्थ्य ' का शुद्ध रूप बताइए :** [1]

(a) सामर्थ
(b) सामर्थ्य
(c) सामर्थय
(d) सार्मथ्य

**(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :** [1]

**क्षमा करने के लिए प्रार्थना करने वाला राज दरबार में खड़ा था।**
( रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है}

(a) अक्षम्य राज दरबार में खड़ा था।
(b) अक्षम राज दरबार में खड़ा था।
(c) क्षमाशील राज दरबार में खड़ा था।
(d) क्षमाप्रार्थी राज दरबार में खड़ा था।

**(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :** [1]

**भारत का खिलाड़ी भीषण रोग से पीड़ित हो गया।** ( वाक्य में ' कर दिया' का प्रयोग कीजिए। )

(a) भारत के खिलाड़ी को एक भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया ।
(b) भारत के खिलाड़ी को भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया ।
(c) भारत के खिलाड़ी को एक भयानक रोग ने पीड़ित कर दिया ।
(d) भारत के खिलाड़ी को एक रोग ने भयानक पीड़ित कर दिया ।

Pati's
ICSE ACADEMY

## SECTION B (40 Marks)

Attempt **four** questions from this section.

You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen.

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

**Question : 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**सेठ ने बहुत से यज्ञ किए थे और दान में न जाने कितना धन दीन -दुखियों में बाँट दिया था। पर 'सब दिन होत न एक समान' अकस्मात दिन फिरे और सेठ को गरीबी का मुँह देखना पड़ा ।**

**महायज्ञ का पुरस्कार : यशपाल**

(i) सेठ जी का परिचय देते हुए लिखिए कि सेठ जी को सेठानी ने कहाँ तथा क्यों भेजा था? [2]

(ii) 'सब दिन होत न एक समान' कथन का क्या अर्थ है ?इसका प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है ? [2]

(iii) प्रस्तुत कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए । [3]

(iv) त्याग के सुख और निःस्वार्थ भाव से किए गए परोपकार की महिमा को कहानी के संदर्भ में बताइए। [3]

**Question : 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**आपके आशीर्वाद से मूर्ख नहीं हूँ।आप स्वयं जानते हैं मेरे ही समझाने- बुझाने से इसी गाँव में कई घर सँभल गए। पर जिस स्त्री की मान- प्रतिष्ठा का ईश्वर के दरबार में उत्तरदाता हूँ, उसके प्रति ऐसा घोर अन्याय और पशुवत व्यवहार असह्य है।**

**बड़े घर की बेटी : प्रेमचंद**

(i) वक्ता ईश्वर के दरबार में किस बात के लिए उत्तरदाता है और क्यों ?स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) सम्मिलित कुटुंब के संबंध में वक्ता और उनकी पत्नी के विचारों में क्या मतभेद था ? समझाइए। [2]

(iii) क्या वक्ता ने 'घोर अन्याय और पशुवत व्यवहार' के लिए लालबिहारी को माफ़ किया? वक्ता का हृदय-परिवर्तन कराने में कौन , किस प्रकार सहायक था ? [3]

(iv) श्रोता कौन है? 'स्त्री' के विषय में श्रोता के क्या विचार थे? क्या आप उनके विचारों का समर्थन करते हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए। [3]

Question : 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

**वे बोल नहीं सकते। अब आप इन तीनों रंगीन प्राणियों को देखिए। आप इन्हें न पहचान पाए होंगे। पहचाने भी कैसे? ये इस लोक के जीव तो हैं नहीं। ये तो स्वर्ग के देवता हैं जो हमें सदुपदेश देने के लिए पृथ्वी पर उतरे हैं।**

**भेड़ें और भेड़िये : हरिशंकर परसाई**

(i) तीनों रंगीन प्राणियों का परिचय दीजिए। [2]

(ii) भेड़ों के उल्लसित होने का क्या कारण था ? क्या उनका उत्साह चिरस्थायी था ? समझाइए। [2]

(iii) वक्ता और श्रोता कौन है ?'वे बोल नहीं सकते' - वाक्य का प्रयोग किस के लिए किया गया है? वक्ता ने उनके न बोल पाने का क्या कारण बताया है ? [3]

(iv) भेड़े और भेड़िये किस प्रकार की कहानी है यह बताते हुए कहानी का संदेश स्पष्ट कीजिए ? [3]

## एकांकी संचय

Question : 8

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित अवतरण पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए ।

**" बहन, मैं मानती हूँ माँ बेटे के संबंध से बढ़कर और कोई संबंध नहीं है। पति भी वह, जिसके लिए उसने समाज की ही नहीं वरन अपने हृदय की साक्षी दी है ,जिसे वह प्यार करती है। उसके कहने पर वह प्राण दे सकती है परंतु, उसको दुखी करके ,वह किसी को सुखी करने की कल्पना भी नहीं कर सकती।"**

**संस्कार और भावना : विष्णु प्रभाकर**

(i) 'बहन' का परिचय दीजिए।वक्ता के पास उसके आगमन का कारण स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) अतुल ने अपनी पत्नी से 'भाई' के स्वभाव के बारे में क्या बताया ? [2]

(iii) 'भाई' के परिवार से अलग होने का क्या कारण है इससे समाज की कौन सी बुराई पता चलती है स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) संस्कारों की दासता से आप क्या समझते हैं ?आधुनिक युग में हमारे लिए संस्कार अधिक महत्वपूर्ण है या भावनाएँ ज्यादा महत्व रखती है तर्क सहित उत्तर लिखिए।[3]

Question : 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

Pati's
ICSE ACADEMY

निम्नलिखित अवतरण पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए ।

**दादाजी और सब सह सकते हैं किसी का पृथक होना नहीं सह सकते- " हम सब एक महान पेड़ की डालियाँ हैं। " वे कहा करते हैं,"और इससे पहले की कोई डाली टूट कर अलग हो, मैं ही इस घर से अलग हो जाऊँगा।"**

**सूखी डाली : उपेंद्रनाथ 'अश्क**

(i) उपर्युक्त कथन के वक्ता और श्रोता का परिचय दीजिए ? [2]

(ii) फर्नीचर के विषय में श्रोता और परेश के विचारो के क्या अंतर था?स्पष्ट कीजिए [2]

(iii) आज के परिपेक्ष्य में संयुक्त परिवार में रहना उचित है या अनुचित?एकांकी के आधार पर उदाहरण सहित अपने विचार व्यक्त कीजिए ? [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी के किस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया? उससे प्रभावित होने का कारण लिखते हुए बताइए कि आपको उससे क्या सीख मिली ? [3]

**Question : 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

निम्नलिखित अवतरण पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए ।

**सुयोधन ! मुझे लगता है कि तुम सुध -बुध खो बैठे हो, तुम प्रलाप कर रहे हो। भला ज्ञान में कोई ऐसी असंभाव्य बातें कहता है! जो पांडव तुमसे तिरस्कृत होकर घर-घर भीख माँगते फिरे, वन जंगलों की धूल छानते फिरे उनके संबंध में भला कौन ज्ञानी व्यक्ति तुम्हारे इस कथन का विश्वास करेगा।**

**महाभारत की एक साँझ : भारत भूषण अग्रवाल**

(i) 'असंभाव्य' शब्द का अर्थ लिखिए ? किसने असंभाव्य बातें कहीं उसका परिचय दीजिए ? [2]

(ii) पांडव के वनवास के संबंध में दुर्योधन ने क्या कहा ? [2]

(iii) वक्ता ने किस प्रकार अपने आप को राज्य का उतराधिकारी सिद्ध किया ? श्रोता उस से क्यों सहमत नहीं है, उसने क्या तर्क दिया? [3]

(iv) 'महाभारत की एक साँझ' किस पृष्ठभूमि पर आधारित एकांकी है ? इस एकांकी से मानव जाति को क्या सन्देश मिलता है ? [3]

# QUESTION PAPER 14

RAJKUMAR COLLEGE, RAIPUR (C.G.)
SECOND PRE BOARD EXAMINATION 2025-26

CLASS: X
SUBJECT: HINDI

TIME: 3 HOURS
Maximum Marks: 80

(HINDI)
(Second Language)
(Three Hours)

**Answers to this paper must be written on the paper provided separately.**
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
**The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.**

This paper comprises of **two** Sections—**Section A** and **Section B**
Attempt **all** the questions from **Section A**.
Attempt any **four** questions from **Section B**, answering at least one question each from the **two** books you have studied and any **two** other questions.
The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [ ].

## SECTION A (40 Marks)
**Attempt all questions**

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-
**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए -** [15]

(i) इंटरनेट वर्तमान युग की माँग है। आज के समय में हमारे जीवन में यह ऑक्सीजन के समान हो गया है। इंटरनेट हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है ? इसके लाभ-हानि को समझाते हुए सारगर्भित लेख अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) "मधुर वचन औषधि के समान होते हैं।" कैसे आपने मधुर वचनों से अपना कठिन कार्य सरलता से पूर्ण किया। अपने अनुभव का वर्णन करते हुए लेख लिखिए।

(iii) पुस्तकें न केवल हमें सीख देती हैं अपितु हमें मार्ग भी दिखाती हैं। ऐसी किसी जीवनोपयोगी पुस्तक (जो आपने पढ़ी हो) का वर्णन करते हुए सारगर्भित आलेख लिखिए।

(iv) "जाको राखे साइयाँ, मार सके न कोय।"-उक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

(v) दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए, जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2**

Write a letter in Hindi in approximately120 words on any one of the topics given below :- [7]
**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए -**

(i) आप परीक्षा के कारण इस बार होली पर घर नहीं आ पाएँगे। अपनी छोटी बहन को होली पर घर न आने की जानकारी देते हुए पत्र लिखिए।

(ii) आपके क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के कारण पीने के पानी की समस्या हो गई है। महापौर, नगर-निगम को पत्र लिखकर इसकी सूचना दीजिए साथ ही उचित व्यवस्था करने की प्रार्थना कीजिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए –

रावण की सेना के महाबली एक-एक करके मारे जा रहे थे। धूम्राक्ष और वज्रदंष्ट्र धरती पर गिर पड़े, अकंपन कुचलकर मर गया और प्रहस्त को नील ने मार गिराया। रावण को इसकी सूचनाएँ मिलती रहीं और वह घबरा गया। वह हड़बड़ाकर उठा और उसने स्वयं कमान संभाल ली। पहली मुठभेड़ में वह लक्ष्मण पर भारी पड़ा, लेकिन राम के बाणों ने उसका मुकुट धरती पर गिरा दिया तथा वह लज्जित होकर वापस लौट गया।

अब तक रावण को राम की शक्ति का कुछ अनुमान हो गया था। जब उसे कोई और रास्ता नहीं सूझा, तो उसने कुंभकर्ण को जगाया। वह महाबली था, पर छः महीने सोता था। कुंभकर्ण दुर्ग से बाहर आया। उसे देखते ही वानर सेना में खलबली मच गई। वे उसे रोकने में अक्षम थे। कुंभकर्ण ने हनुमान और अंगद को घायल कर दिया। लक्ष्मण यह युद्ध देख रहे थे। उन्होंने राम की ओर देखा, फिर दोनों भाइयों ने बाणों की वर्षा कर उसे मार दिया। अब कुंभकर्ण रणभूमि में सदा के लिए सो गया।

रावण निराश हो गया। कुंभकर्ण पर उसे गर्व था, क्योंकि वह उसे अपना दाहिना हाथ मानता था। उसे लगा कि अब लंका में वीर नहीं है। वह अकेला हो गया। मेघनाद ने रावण को सहारा दिया और कहा, "मेरे रहते आप क्यों चिंता करते हैं? मुझे युद्ध की अनुमति दें। मैं दोनों भाइयों को मारकर आपके चरणों में रख दूंगा।" मेघनाद और लक्ष्मण का भीषण युद्ध हुआ। मेघनाद पराक्रमी था। उसने एक बार इंद्र को परास्त कर दिया था और तभी से वह इंद्रजीत कहलाया। उसके बाणों ने कई प्रमुख वानरों को घायल कर दिया। मेघनाद को रोक पाना वानर सेना के बस की बात नहीं थी। वह चक्रवात की तरह आगे बढ़ता और जो भी आस-पास होता, ध्वस्त हो जाता।

वानर सेना, मेघनाद की गति और शक्ति से चकित थी। उनके मन में निराशा बैठती जा रही थी, तब लक्ष्मण ने उसे चुनौती दी। दोनों का निशाना अचूक था। बाण हवा में टकराते और नष्ट हो जाते। अचानक लक्ष्मण का एक बाण उसे लगा और वह घायल होकर झुक गया। फिर लक्ष्मण ने उस पर बाणों की बरसात कर दी।

आगे बढ़ना कठिन था। मेघनाद पीछे मुड़ा तथा महल की ओर भागा। लक्ष्मण ने कुछ दूर तक उसका पीछा किया और फिर वह रुक गया। मेघनाद महल में घुस गया। लक्ष्मण को महल की संरचना नहीं पता थी तथा रास्ता भी मालूम नहीं था। विभीषण लक्ष्मण की दुविधा समझ गए और उन्होंने लक्ष्मण को एक गुप्त मार्ग दिखाया। शेष काम आसान था। मेघनाद महल में ही मारा गया। अपने ज्येष्ठ पुत्र की मृत्यु से रावण एकदम टूट गया तथा विलाप करने लगा और मूर्च्छित हो गया। जब उसे होश आया, तो उसकी दशा पागलों जैसी थी। वह क्रोध से बिलबिलाता हुआ बोला "लंका अनाथ हो गई, अब उसका कोई सहारा नहीं रहा, अब मैं स्वयं ही रणक्षेत्र में जाऊंगा।"

लक्ष्मण के साथ वानर सेना भी महल में प्रवेश कर गई थी। उनके हाथों में जलती हुई मशालें थीं। वानरों ने लंका में जहाँ-तहाँ आग लगा दी, अन्न भंडार फूंक दिए, शस्त्रागार जला दिया, मारकाट मच गई, जो भी सामने पड़ा सभी (कंपन, प्रजंघ, यूपाक्ष, कुंभ) मारे गए। हनुमान ने निकुंभ, देवांतक और त्रिशिरा को भी मौत की नींद सुला दिया तथा अंगद ने नरांतक का काम तमाम कर दिया और लक्ष्मण ने अतिकाय का सिर काट डाला। अतः राक्षस सेना भाग खड़ी हुई।

(i) किन महाबलियों की मृत्यु के बाद रावण घबरा गया और उसके बाद उसने क्या किया ? [2]

(ii) कुंभकर्ण को नींद से जगाने का क्या कारण था और उसके क्या परिणाम हुए ? लिखिए। [2]

(iii) रावण को सहारा किसने दिया और सहारा देते हुए उसने क्या कहा ? [2]

(iv) इन्द्रजीत कौन था और उसके वध का वर्णन कीजिए। [2]

(v) वानरों को मेघनाद से किसने बचाया और लंका में प्रवेश के बाद वानरों ने क्या किया? [2]

...लिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ...according to the instructions given:

(i) 'नूतन' का विलोम बताइए : [8]

a) नवीन

b) पुरातन

c) आरंभ

d) चिरंतन

(ii) 'अग्नि' का पर्यायवाची बताइए :

a) वसन, नयन

b) अनल, अनिल

c) आग, झष

d) पावक, ज्वाला

(iii) 'पंडित' की भाववाचक संज्ञा बताइए :

a) पंडिताइन

b) पांडित

c) पांडित्य

d) पंडती

(iv) 'भारत' का विशेषण बताइए :

a) भारतीय

b) भारतीयता

c) भारतव

d) भारता

(v) 'पापड़ बेलना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

a) हार मानना

b) संघर्ष करना

c) थक जाना

d) इज्जत करना

(vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

राजन <u>ईश्वर में बहुत विश्वास रखता</u> है ।(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए)

a) राजन आस्तिक है ।

b) राजन स्वस्तिक है ।

c) राजन नास्तिक है ।

d) राजन स्वतंत्र है ।

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

मेरा छोटा भाई मेरी बात अवश्य सुनेगा ।(वाक्य में "चाहिए" शब्द का प्रयोग कीजिए)

a) मेरे दोनों छोटे भाइयों को बात सुनानी चाहिए ।

b) मेरे छोटे भाई को मेरी बात अवश्य सुननी चाहिए ।

c) मेरे भाई को बात अवश्य सुननी चाहिए ।

d) मेरे सगे भाई को बात अवश्य सुनानी चाहिए ।

Pati's
ICSE ACADEMY

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :
कर्तव्य का पालन नहीं करने में दुःख है ।("नहीं" हटाइए किन्तु वाक्य का अर्थ न बदले)
a) क्या कर्तव्य पालन में सुख है?
b) कर्तव्य का पालन करने में दुःख है ।
c) क्या कर्तव्य पालन में दुःख है ?
d) कर्तव्य का पालन करने में सुख है ।

**SECTION B (40Marks)**

Attempt **four** questions from this section.
You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions.

**साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ**

**( Sahitya Sagar – Short Stories )**

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –**

"संकट में हूँ और एक यज्ञ आपके हाथ बेचने आया हूँ"। इतने में धन्ना सेठ की पत्नी ने आकर सेठ को प्रणाम किया और बोली, "सेठजी । यज्ञ खरीदने के लिए तो हम तैयार हैं, पर आपको महायज्ञ बेचना होगा।"

**[महायज्ञ का पुरस्कार – यशपाल]**

i) सेठजी किस संकट में थे ? स्पष्ट कीजिए । [2]
ii) धन्ना सेठ की पत्नी के विषय में कौन-सी बात गाँव में फैली हुई थी ? [2]
iii) संकट में फँसे सेठ के चरित्र की विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए । [3]
iv) कौन-सा महायज्ञ खरीदने की बात की जा रही है ? समझाकर लिखिए । [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –**

मैं उनकी दुर्बल काया और पीला चेहरा देखकर स्तब्ध रह गया । मैंने पूछा कब से अस्वस्थ हैं ?

**[भीड़ में खोया आदमी – लीलाधर शर्मा पर्वतीय]**

i) 'उनकी' शब्द का प्रयोग किसने किसके लिए किया और क्यों ? [2]
ii) लेखक के मित्र की पारिवारिक जानकारी लिखिए । [2]
iii) क्या लेखक के मित्र की पत्नी का इलाज हो पाया ? यदि नहीं तो क्यों ? [3]
iv) इस निबन्ध के माध्यम से लेखक हमें क्या संदेश देना चाहते हैं ? समझाकर लिखिए । [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –**

दूसरे दिन बूढ़ा सियार अपने तीन सियारों को लेकर आया । उनमें से उसने एक को पीले रंग में रंग दिया, दूसरे को नीले में और तीसरे को हरे में ।"

**[भेड़े और भेड़िए – हरिशंकर परसाई]**

i) कहानी के अनुसार सियार किसका प्रतीक है ? स्पष्ट कीजिए । [2]
ii) तीनों रंगे सियारों का संक्षिप्त परिचय लिखिए । [2]
iii) क्या बूढ़ा सियार अपनी योजना में सफल हो पाया ? यदि हाँ तो क्यों और कैसे ? [3]
iv) कहानी के शीर्षक की सार्थकता लिखिए ? [3]

Pati's
ICSE ACADEMY



**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए -**

बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ।।
जो गति जोग बिराग जतन करि नहिं पावत मुनि ग्यानी ।
सो गति देत गीध सबरी कहँ प्रभु न बहुत जिय जानी ।।
जो सम्पति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही।
सो संपदा-बिभीषण कहँ अति सकुच सहित प्रभु दीन्ही ।।

[विनय के पद - तुलसीदास]

i) **संसार में किसके समान कोई और नहीं है और क्यों ?** [2]

ii) **शब्दार्थ लिखिए- दीन, विराग, सीस, सिव** [2]

iii) **गीध और सबरी कौन थे ? उन्हें किसने और कौन-सी गति प्रदान की थी ?** [3]

iv) **"जो सम्पति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।** [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए -**

पेट-पीठ दोनों मिलकर हैं एक ।
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी भर दाने को-भूख मिटाने को
मुँह फटी-पुरानी झोली को फैलाता -
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।

**[भिक्षुक – सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला']**

i) **प्रस्तुत पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए।** [2]

ii) **शब्दार्थ लिखिए- लकुटिया, टेक, कलेजे, पथ** [2]

iii) **उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर भिक्षुक की दयनीय दशा का वर्णन कीजिए ।** [3]

iv) **कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।** [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए -**

जीवन अपूर्ण लिए हुए,
पाता कभी, खोता कभी ।
आशा-निराशा से घिरा,
हँसता कभी, रोता कभी ।
गति-मति न हो अवरुद्ध, इसका ध्यान आठों याम है ।
चलना हमारा काम है ।

**[चलना हमारा काम – शिवमंगल सिंह 'सुमन']**

i) **कवि ने मनुष्य जीवन को अपूर्ण क्यों कहा है ? लिखिए ।** [2]

ii) **शब्दार्थ लिखिए – अपूर्ण, मति, अवरुद्ध, याम** [2]

iii) **कवि पाता-खोता, आशा-निराशा, हँसना-रोना जैसे शब्दों से क्या समझाना चाहते हैं ?** [3]

iv) **"गति-मति न हो अवरुद्ध" ? पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये ।** [3]

ST. PETER'S SCHOOL,MAZAGAON,MUMBAI -10
PRELIMINARY ASSESSMENT- JANUARY - 2026
SUBJECT: HINDI

STD: X
DATE:. 07/01/2026

MARKS: 80
TIME : 3 hr

**Answer to this paper must be written on the paper provided separately**
You will **not** be allowed to write during the first **15 minutes.**
This time is to be spent in reading the question paper.
**The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.**

**Section A** is compulsory - **All** questions in **Section A** must be answered.
Attempt any **four questions** from **Sections B.**
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]

## SECTION- A (40Marks)
(Attempt all questions from this Section.)

**Question-1**

Write a short composition in Hindi of approximately **250 words** on any one of the following topics:
निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक विषय** पर हिंदी में लगभग 250 **शब्दों** में संक्षिप्त **हिंदी** लेख लिखिए: [15]

i] यात्रा एक उत्तम रुचि है। यात्रा करने से ज्ञान तो बढ़ता ही है, स्थान विशेष की संस्कृति तथा परंपराओं का परिचय भी मिलता है। अपनी किसी यात्रा के अनुभव तथा रोमांच का वर्णन करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

ii] "डिजिटल इंडिया' ( digital India ) समय की माँग है।" कथन के आधार पर इसकी अच्छाइयों एवं सीमाओं की विस्तार से चर्चा कीजिए।

iii] वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence – AI) वह तकनीक है जिसके माध्यम से मशीनें मनुष्य की तरह सोचने, सीखने और निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त करती हैं इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

iv] निम्नलिखित उक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए- 'आ बैल मुझे मार'।

v] नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख,घटना अथवा कहानी लिखिए,जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



Pati's ICSE ACADEMY

**Question 2.**

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topic given below [7]

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:**

i] आपका छोटा भाई छात्रावास में रहकर खुश नहीं है क्योंकि अभी तक वह कोई दोस्त नहीं बना पाया है। अपने भाई को पत्र लिखकर कुछ सलाह दीजिए ताकि वह मित्र बना सके।

(अथवा)

ii] आपने 'एम. आई.' ( MI ) कंपनी अथवा किसी अन्य कंपनी का मोबाइल 'ऑनलाईन' खरीदा था। उसमें कुछ खराबी आ गई है वह अभी 'गारंटी टाईम' में भी है; उसे बदलने का अनुरोध करते हुए उस कंपनी के प्रबंधक को पत्र लिखिए।

**Question 3.**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow using your own [words as far as possible] [10]

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।**

एक बार महाराज कृष्णदेवराय ने अपने राज्य का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। उसमें आसपास के राजाओं को भी आमंत्रित किया। सभी ने उन्हें कीमती उपहार दिए। उपहारों में चार कीमती फूलदान भी थे, जो एक राजा ने दिए थे। महाराज को ये फूलदान इतने अधिक मन भाए कि उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए अलग से एक सेवक तैनात कर दिया और उसे सख्त आदेश दिया कि यदि फूलदानों के रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या वे टूट गए, तो उसे मृत्युदंड दिया जाएगा।

वह सेवक दिन-रात उनकी हिफ़ाज़त करता था। उन पर धूल भी नहीं लगने देता था लेकिन बदकिस्मती से एक दिन अचानक एक फूलदान उसके हाथ से छूटकर टूट गया। खबर सुनते ही महाराज आगबबूला हो गए और उन्होंने इस लापरवाह सेवक को आठवें दिन फाँसी देने का हुक्म सुना दिया।

तेनालीराम को जब यह पता चला, तो उन्होंने महाराज को समझाने की कोशिश की कि राम सिंह बीस वर्षों से उनकी सेवा में है, उसे इतने मामूली नुकसान का इतना कठोर दंड देना उचित नहीं है। महाराज ने उनकी एक न सुनी। वे अपना-सा मुँह लेकर लौट आए, लेकिन उन्होंने उस सेवक की प्राणरक्षा का संकल्प कर लिया। वे कारागार में गए, सेवक से सारी बात की जानकारी ली और उसके कान में कुछ कहकर चले आए।

दिन तेजी से बीते और फ़ाँसी वाला दिन आ गया। उस दिन सभी फ़ाँसी गृह में एकत्रित हुए। महाराज अभी भी क्रोध में थे और सेवक को फाँसी पर झूलता देखना चाहते थे। सेवक को फाँसी के तख्ते पर चढ़ा दिया गया और तब जल्लादों ने उससे उसकी अंतिम इच्छा पूछी। सेवक ने कहा- "मैं बाकी बचे वे फूलदान भी देखना चाहता हूँ, जिनकी वजह से मैं फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ।"

महाराज की अनुमति से तीनों फूलदान उसके सम्मुख लाए गए। उसने आव देखा न ताव और उन फूलदानों को जमीन पर पटककर चूर-चूर कर दिया। महाराज के क्रोध की सीमा न रही और उन्होंने दहाड़ते हुए पूछा-"मूर्ख ! ये कीमती फूलदान क्यों तोड़ दिए तुमने"-"क्या मिला तुम्हें इन्हें तोड़कर ?" "तीन निर्दोषों का जीवन महाराज!" निर्भीकता से वह बोला "जिस प्रकार मैं निर्दोष इन फूलदानों के कारण फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी-न-कभी मेरी तरह तीन और लोग भी फाँसी पर चढ़ाए जा सकते थे-ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं हैं, महाराज।" उसकी बात सुनकर उन्हें तुरंत आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे। उन्होंने फ़ौरन सेवक की फाँसी स्थगित कर दी।

i) सेवक का क्या नाम था ? उसे क्या काम सौंपा गया था? उस काम के साथ क्या शर्त जुड़ी हुई थी ?

ii) इस कहानी में महाराज को कितनी बार क्रोध आया और क्यों? समझाते हुए लिखिए।

iii) तेनालीराम क्या चाहते थे? उन्होंने अपने काम को पूरा करने के लिए क्या प्रयास किए ?

iv) महाराज के पास फूलदान कब आए थे? उन फूलदानों का क्या हश्र हुआ ?

v) सेवक को फूलदान तोड़ने का मौका कब मिला? फूलदान तोड़कर सेवक को क्या मिला?

**Question 4:**

Write the following questions according to the instructions given:.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:. [8]

1) 'उत्कृष्ट' शब्द का विलोम शब्द है: [1]

A) अपकृष्ट

B) अकृष्ट

C) निकृष्ट

D) विकृष्ट

2) 'सेना 'शब्द का पर्यायवाची शब्द है: [1]

A) झुंड-टोली

B) रण -समर

C) समूह-दल

D) दल-वाहिनी

3) 'निंदा' शब्द का विशेषण है: [1]

A) निंदनी

B) निंदनीय

C) निंदनिय

D) निंदित

4) ' इतिहासिक ' शब्द का शुद्ध रूप लिखिए : [1]

A) ईतिहासिक

B) ऐतिहासिक

C) एतिहासिक

D) एतिहौसिक

5) ' वत्स ' शब्द की भाववाचक संज्ञा है : [1]

A) वात्सल्य

B) वत्सल्य

C) वत्सल

D) वात्सल

6) 'घाव हरा होना' मुहावरे का अर्थ बताइए: [1]

A) एक ही बात सुनते-सुनते तंग आ जाना

B) भूला हुआ दुख फिर याद आना

C) अपमानित करना

D) किसी की बातों में आ जाने वाला

7) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए:** [1]

आजकल फलों में पहले जैसा स्वाद नहीं है। (' स्वाद ' शब्द के स्थान पर ' स्वादिष्ट ' शब्द का प्रयोग कीजिए)

A) आजकल के फल स्वादिष्ट नहीं है।

B) आजकल के फलों में स्वादिष्टता नहीं है।

C) आजकल के फलों में पहले जैसी स्वादिष्टता नहीं है।

D) आजकल के फल पहले जैसे स्वादिष्ट नहीं है।

8) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए:** [1]

जानने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति बहुत ज्ञानी होता है। ( रेखांकित वाक्यांश हेतु एक शब्द का प्रयोग करें )

A] अल्पज्ञ व्यक्ति बहुत अधिक ज्ञानी होता है।

B] बहुज्ञ व्यक्ति बहुत अधिक ज्ञानी होता है।

C] अज्ञ व्यक्ति बहुत अधिक ज्ञानी होता है ।

D] जिज्ञासु व्यक्ति बहुत अधिक ज्ञानी होता है।

SECTION-B (40-Marks)

Questions from only two of the following textbooks are to be answered.

Attempt four questions from this Section.

You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen.

(साहित्य सागर संक्षिप्त कहानियाँ)

(SAHITYA SAGAR - SHORT STORIES)

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

**"क्या सोचते हो सेठ? बोलो राजी हो?" धन्ना सेठ की पत्नी ने पूछा। सेठ ने खिन्न होकर कहा, "सेठानी जी, हँसी छोड़िए। काम की बात कीजिए।"**

(महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल)

i] 'बोलो राजी हो?' - धन्ना सेठ की पत्नी के कथन का क्या आशय था? (2)

ii] 'सेठानी जी हँसी छोड़िए' - सेठ ने ऐसा क्यों कहा? (2)

iii] धन्ना सेठ की पत्नी ने सेठ के किस काम को महायज्ञ बताया तथा क्यों? (3)

iv] 'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिध्द कीजिए। कहानी में इस कथन का क्या अर्थ है? समझाकर लिखिए। (3)

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

**"मैं अब तक जिनके यहाँ नौकरी करता रहा, वे लोग बड़े ही सुशिक्षित और सज्जन हैं। मुझे मानते भी बहुत हैं। तुम्हारे यहाँ घर का-सा सुख है, किंतु यह सब मुझे छोड़ना पड़ेगा ही।"- इतनी बात कहकर रामनिहाल चुप हो गया।**

(संदेह - जयशंकर प्रसाद)

i] वक्ता और श्रोता कौन-कौन है? (2)

ii] वक्ता कहाँ जाने की सोच रहा था और क्यों? (2)

iii] वक्ता ने श्रोता के जीवन की प्रशंसा करते हुए क्या कहा था? (3)

iv] प्रस्तुत पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए (3)

Pati's
ICSE ACADEMY

**Question 7**
Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए:
"मुसकुराकर बोला 'नहीं साब! वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में? पागल है पागल! वो देखो वो आ रहा है।'
(नेता जी का चश्मा - स्वयं प्रकाश)

i वक्ता और श्रोता कौन हैं? वक्ता द्वारा कैप्टन के संबंध में क्या कहा गया है? (2)
ii] हालदार साहब को पानवाले की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगी? (2)
iii] कैप्टन क्या काम करता था? उसका मूर्ति पर चश्मा लगाने से क्या कोई फायदा होता था? अपने विचार लिखिए। (3)
iv]' नेता जी का चश्मा ' इस कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। (3)

**Question 8:**
Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए:

गुन के गाहक सहस नर, बिनु गुन लहै न कोय।
जैसे कागा कोकिला, शब्द सुनै सब कोय ।।
शब्द सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहावन।
दोऊ को एक रंग, काग सब भये अपावन ।।
कह गिरिधर कविराय, सुनो हो ठाकुर मन के।
बिनु गुन लहै न कोय, सहस नर गाहक गुन के ।।

(कुंडलियाँ- गिरिधर कविराय)

i] कौए तथा कोयल का उदाहरण देकर कवि क्या समझाना चाहते हैं? (2)
ii] गुणों का जीवन एवं समाज में क्या महत्व है? समझकर लिखिए। (2)
iii] 'सुनो हो ठाकुर मन के' से कवि का क्या अभिप्राय है? समझकर लिखिए। (3)
iv] निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए (3)

१) गुन
२) सहस
३) कागा
४) सुहावन
५) अपावन
६) गाहक

Question 9 :

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

जन्में जहाँ थे रघुपति, जन्मीं जहाँ थी सीता ।।
श्री कृष्ण ने सुनाई, वंशी, पुनीत गीता ।।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया।
जग को दया दिखाई, जग को दीया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी ।।

( वह जन्मभूमि मेरी - सोहनलाल द्विवेदी )

i]' रघुपति कौन थे? उनका जन्म किस युग में हुआ था? (2)

ii] गीता में क्या उपदेश दिया गया है ? यह उपदेश किसने दिया था ? (2)

iii] 'गौतम' का परिचय देते हुए बताइए कि उन्होंने संसार को क्या सन्देश दिया था तथा मातृभूमि के यश को किस प्रकार से बढ़ाया था ? (3)

iv) ' यह जन्मभूमि मेरी ' इस कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। (3)

Question 10 :

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएँ से वे मलते हुए पेट को चलते
और दाहिना दया दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए।
भूख से सूख ओंठ जब जाते,
दाता-भाग्य, विधाता से क्या पाते ?
घूँट आँसुओं के पी कर रह जाते।

( भिक्षुक -सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' )

i] भिक्षुक के साथ कौन-कौन हैं और उनकी हालत कैसी है ? (2)

ii] 'दया दृष्टि' का क्या अर्थ है ? उन्हें इसकी आवश्यकता क्यों है? (2)

iii] भिक्षुक को देखकर कवि को महाभारत का कौन-सा पात्र याद आता है और क्यों ? (3)

iv] 'घूँट आँसुओं' के पीकर रह जातें - इस पंक्ति का भाव स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लाचार और ज़रूरतमंदों के लिए मन में प्रेम और संवेदना होना क्या आवश्यक है? (3)

# दी जे बी पेटिट हाईस्कूल फॉर गर्ल्स

## प्राथमिक परीक्षा :२०२६

१०

हिंदी (भाषा एवं साहित्य )

समय- 3 घंटे

पूर्णांक-८०

## SECTION A (40 Marks)

**प्रश्न:१. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त लेख लिखिए:** **(१५)**


I. दस साल बाद आप भारत को किस रूप में देखना चाहती हैं ? अपने सपनों का देश बनाने में आप स्वयं के साथ, लोगों की भूमिका बताए हुए एक संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए |

II. **'अरे ! ऐसा भी होता है क्या ?'** वाक्य से आरम्भ या अंत करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए |

III. 'त्यौहार मानव जीवन को नए उल्लास से भर देते हैं |' इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए मानव जीवन में त्यौहारों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसी त्यौहार में आई बुराइयों का उल्लेख करते हुए समाधान के उपाय भी बताइए |

IV. एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो- 'जाको राखे साइयाँ, मारि सके ना कोय |'

V. चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा एक कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए |



**प्रश्न:२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए –** **(७)**

I. अपनी माता जी को पत्र लिखकर बताइए कि आप दसवीं कक्षा के बाद विज्ञान नहीं, कॉमर्स पढ़ना चाहती हैं|

II. विद्यालयों के पास धूम्रपान उत्पाद बेचने और धूम्रपान करने पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का निवेदन करते हुए अपने नगर के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखिए |

Pati's
ICSE ACADEMY

**प्रश्न:३.नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़कर,पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें | उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए-** (१०)

एक पुराना तालाब मछलियों से भरपूर था | उसमें तीन विशालकाय मछलियाँ भी रहती थीं,जो पक्की सखियाँ थीं | इनमें पहली वाली मछली दूरदर्शी एवं दीर्घ काल की बात सोचने वाली थी | दूसरे की प्रतिभा ठीक समय पर काम करने वाली थी, परंतु तीसरी मछली आलसी और प्रत्येक काम को देरी से करने वाली थी | एक दिन कुछ मछुवारों ने इस कम गहराई वाले तालाब से पानी की छोटी-बड़ी नालियाँ बनाकर नीचे वाली भूमि की ओर प्रवाहित करना प्रारंभ कर दिया, ताकि पानी कम होने से वे सुगमता से वहाँ की मछलियाँ तथा दूसरे जल जीवों को पकड़ सकें |

सरोवर के घटते जलस्तर को देखकर दूरदर्शी मछली ने अपनी दोनों सखियों से कहा, 'सखियों ऐसा जान पड़ता है कि हमारे ऊपर संकट के बादल घिरने लगे हैं, जब तालाब का पानी कम हो जाएगा तो मछुवारे हमें शेष मछलियों के साथ आसानी से पकड़ सकते हैं |अतः हमें जलाशय का पानी कम होने से पूर्व ही किसी अन्य सरोवर में पहुँचने का मार्ग ढूँढ़ना चाहिए | बुद्धिमान वही है जो आने वाले संकट को पहले से ही अपनी नीति द्वारा मिटा देता है | इस पर साधारण बुद्धि वाली मछली कहने लगी,' सखियों ! तुम्हारी बात सर्वथा उचित है, परन्तु मेरे विचारानुसार हमें अभी तालाब छोड़ने की शीघ्रता नहीं करनी चाहिए |' उसी समय तीसरी मछली अपनी सखियों से कहने लगी, 'जब मेरे ऊपर संकट आएगा तो उसी समय मैं अपने बचाव का उपाय करूँगी |अभी तो मैं जी भरकर अन्य छोटे जीवों तथा मछलियों को खाकर आराम से सोना चाहती हूँ | बाद में जो होगा देखा जाएगा |'

जब तीनों सखियाँ संकट की इस घड़ी में भी एक मत नहीं हो सकीं, तो परम बुद्धिमान दूरदर्शी मछली रात को ही वहाँ से पानी की नालियों द्वारा निकल कर किसी दूसरे गहरे जलाशय में चली गई | कुछ समय पश्चात मछुवारों ने देखा कि तालाब का सारा पानी लगभग बाहर निकल चुका है तो उन्होंने तालाब में अपना जाल बिछाकर अन्य मछलियों सहित दोनों मछलियों को भी उसमें फँसा लिया |दूसरी मछली जब जाल में फँस गई तो उसने जानबूझकर अपनी श्वास रोक ली तथा निश्चल होकर मरने का नाटक करने लगी | जब मछुआरों ने देखा कि वह मछली तो मर चुकी है, तो उन्होंने उसे अपने जाल से निकाल कर फेंक दिया | वह किसी तरह घिसटती हुई एक जलाशय में समा गई | इस प्रकार उसने अपने प्राणों की रक्षा की | परंतु आलसी तथा मूर्ख तीसरी मछली भाग्य पर भरोसा करती हुई जाल में फँसी तड़पती रही| उसे अपनी मृत्यु को निकट आते देख कुछ सूझ ही नहीं रहा था | मछुवारों ने आते ही अन्य मछलियों के साथ उसे भी जाल से निकाला और उसे उठाकर बाज़ार में बेचने के लिए चल पड़े |

ऋषियों तथा विद्वानों ने धर्म शास्त्रों में लिखा है जो प्राणी संकट आने से पहले ही अपने बचाव के लिए उपाय सोचे उसे दूरदर्शी और जो ठीक समय आने पर आत्मरक्षा के बारे में विचार करे उसे साधारण बुद्धि कहा जाता है | एक अन्य प्रकार का जीव भी होता है, जिसे दीर्घसूत्री कहा जाता है | ऐसा व्यक्ति अपने आलस्य के कारण घोर संकट को प्राप्त करता है | जो व्यक्ति सोच समझकर सावधान होकर कार्य करता है, वह निश्चय ही अपनी इच्छानुसार फल प्राप्त करता है | कार्य को भविष्य पर छोड़ने वाला व्यक्ति जीवन में उन्नति नहीं कर सकता | सच है आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है |

I. तीनों मछलियाँ कहाँ रहती थीं ? प्रत्येक की विशेषता बताइए | (२)

II. मछुवारों ने जलाशय के जल को किस ओर प्रवाहित कर दिया और क्यों ? (२)

III. दूरदर्शी मछली ने अपनी दोनों सखियों को क्या सलाह दी ? क्या उन्होंने उसकी बात मान ली?

Pati's
ICSE ACADEMY

स्पष्ट कीजिए |

IV. पहली और दूसरी मछली ने अपनी जान कैसे बचाई ? (२)

V. तीसरी मछली को किस संकट का सामना करना पड़ा ? प्रस्तुत गद्यांश में निहित सन्देश लिखिए | (२) (२)

**प्रश्न:४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-**

I. **'वृद्ध' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी -** १

क-वृद्धी ख- वार्द्धक्य ग- वृद्धता घ- वृद्धताई |

II. **'अनुमोदन' शब्द का विशेषण होगा –** १

क- अनुमोदित ख- अनुमोद ग-अनूमोदक घ- कोई नहीं |

III. **'तिक्त' शब्द का विलोम शब्द होगा –** १

क- अतिक्त ख- मधुरं ग- मधुर घ- मिष्ट |

IV. **'पक्षी' शब्द के सही पर्यायवाची युग्म शब्द होंगे –** १

क- जलचर-नभचर , ख- पच्छी-पाछ , ग- पखेरू-खग , घ- चिड़िया-मग |

V. **'बरात' के लिए सही शब्द होगा –** १

क- बराती ख- वाराती ग- बारात घ- वराती |

VI. **'दाँत पीसना' मुहावरे का अर्थ होगा –** १

क- कुछ खाना ख- दाँतों को रगड़ना ग- गुस्सा होना घ- दाँतों में बीमारी होना |

VII. **वहाँ पर गरीबों को सेवक ही समझा जाता है | (.....................जाते हैं |)** १

क- वहाँ पर गरीबों को सेवक समझकर जाते हैं |

ख- वहाँ पर सेवक गरीब समझे जाते हैं |

ग- वहाँ पर गरीबों सेवक समझे जाते हैं |

घ- वहाँ पर गरीब सेवक ही समझे जाते हैं |

VIII. **रेखांकित के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य होगा – हमें <u>बुरा काम</u> नहीं करना चाहिए |** १

क- हमें दुश्कर्म नहीं करना चाहिए |

ख- हमें दुश्कर्मी नहीं बनना चाहिए |

ग- हमें दुष्कर्म नहीं करना चाहिए |

घ- हमें दुष्कर्म नही करना चाहिए |

## SECTION-B (40 MARKS)

**Attempt any four questions from this section**

Pati's
ICSE ACADEMY

## साहित्य सागर -पद्य भाग

प्रश्न ५. झरने अनेक झरते, जिसकी पहाड़ियों में |
चिड़ियाँ चहक रही हैं ,हो मस्त झाड़ियों में |
अमराइयाँ घनी हैं , कोयल पुकारती है |
बहती मलय पवन है, तन-मन सँवारती है |

वह जन्मभूमि मेरी -सोहनलाल द्विवेदी

I. 'झरने' कहाँ बहते हैं ? इनसे क्या लाभ होता है ? (२)

II. **'चिड़ियाँ चहक रही हैं ,हो मस्त झाड़ियों में'**- पंक्ति का भाव लिखिए | (२)

III. 'अमराइयाँ' का क्या अर्थ है ? 'अमराइयाँ' वाली धरती को 'धर्मभूमि' क्यों कहा जाता है ? (३)

IV. अवतरण से सम्बंधित कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए | (३)

प्रश्न ६. "इस विशद विश्व प्रवाह में, किसको नहीं बहना पड़ा?
सुख-दुःख हमारी ही तरह, किसको नहीं सहना पड़ा ?
फिर व्यर्थ क्यों कहता फिरूँ, मुझ पर विधाता वाम हैं ?
चलना हमारा काम है |"

चलना हमारा काम है-शिवमंगल सिंह 'सुमन'

I. 'विश्व प्रवाह' से आप क्या समझते हैं? समझाइए | (२)

II. हमारी तरह सुख-दुःख किन्हें सहना पड़ा ? उदाहरण सहित समझाइए | (२)

III. कवि विधाता को अपने जीवन के दुखों का दोषी क्यों नहीं बनाना चाहता ? स्पष्ट कीजिए | (3)

IV. चलना किसका काम है और क्यों ? समझाइए | (3)

प्रश्न ७. "मैया मेरी चन्द्र खिलौना लैहों |
धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहों |"

सूर के पद -सूरदास

I. 'मैया' कौन हैं ? उनसे कौन, क्या माँग रहा है ? (२)

II. 'धौरी' का क्या अर्थ है ? 'धौरी' के पय में क्या विशेषताएँ होती हैं ? (२)

III. खिलौना पाने के लिए किस तरह की ज़िद की जा रही है ? समझाइए | (३)

IV. अर्थ लिखिए - लोटि, धरनी, बेनी, पय, पान, कछु | (३)

## एकांकी संचय

**– प्रश्न. ८ "सुनकर मैं शर्म से गड़ गई |"**

**संस्कार और भावना-'विष्णु प्रभाकर'**

I. कौन, किससे और क्या सुनकर शर्म से गड़ गई ? (२)
II. वक्ता की शर्मिंदगी का क्या कारण था ? (२)
–III. श्रोता कौन है ? परिचय देते हुए बताइए कि वक्ता को दुखी देखकर उसने क्या किया? (३)
IV. अवतरण से सम्बंधित एकांकी के शीर्षक की सार्थकता लिखिए | (३)

**प्रश्न. ९ "फिर कैसे चलेगा ? हमारे घर में तो मिलकर रहना ,बड़ों का आदर करना, अपने घर की रूखी को दूसरों की चुपड़ी से अच्छा समझना ,नौकरों पर दया और छोटों पर ...|"**

**(सूखी डाली-उपेन्द्रनाथ अश्क)**

I. वक्ता कौन है ? उसके कथन का संदर्भ बताइए | (२)
II. बेला ने रजवा को काम से क्यों हटा दिया था ? (२)
III. बेला के ससुराल और मायके के वातावरण में क्या अंतर था ? (3)
IV. छोटी बहू ने अपने पति की क्या गति बनाई थी और कैसे ? (3)

**प्रश्न १० "अरे पापी ! यदि प्राणों का इतना मोह था, तो फिर यह महाभारत क्यों रचाया ? न्याय को ठोकर मारकर अन्याय का पथ क्यों ग्रहण किया|"**

**महाभारत की एक साँझ -भारतभूषण अग्रवाल**

I. वक्ता का परिचय दीजिए | (२)
II. वक्ता के अनुसार श्रोता ने किस न्याय को ठोकर मारी थी ? (२)
III. श्रोता किस तरह अपने प्राण बचाने का प्रयास कर रहा था ? उल्लेख कीजिए | (३)
IV. वक्ता ने श्रोता को किस तरह युद्ध के लिए तैयार किया ? स्पष्ट कीजिए | (३)

||इति शुभम्||

# KARNATAKA ICSE SCHOOLS ASSOCIATION

## ICSE STD. X Preparatory Examination 2026

### Subject: SECOND LANGUAGE HINDI

**Duration:** 3 Hours **Maximum Marks:** 80 **Date:** 16.01.2026

---

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*Section A is compulsory. All questions in Section A must be answered.*
*Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions from the same books you have studied.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION - A (40 Marks)

*Attempt all questions from this Section*

**Question – 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-** **[15]**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग १५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-**

(i) तकनीकी विकास ने हमारा जीवन सरल तथा सुगम बना दिया है । किसी एक तकनीक के विषय में विस्तार से बताते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि यह तकनीक हमारे देश के विकास में किस प्रकार सहयोगी है ?

(ii) आधुनिक युग में युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता बल्कि अन्य समस्याओं का जनक है । इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(iii) जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ -साथ सुख समृद्धि भी देते हैं । विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है |अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए, जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो- "बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताए।"

(v) नीचे दिए चित्र को ध्यान से देखिए और मन में उभरते विचार कहानी अथवा लेख के रूप में लिखिए। आपकी कहानी का सीधा संबंध चित्र से होना आवश्यक है ।



**Question – 2**

**Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:-**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :-** [7]

(i) आपका भाई अपना अधिकांश समय मोबाइल फ़ोन के उपयोग में बिताता है । मोबाइल फ़ोन के अधिक उपयोग करने से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए, उसे पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) आपके क्षेत्र में सडकों पर बहुत अधिक पानी जमा हो जाता है, क्योंकि अधिकांश सड़के टूटी हुई हैं । जगह -जगह 'स्पीड ब्रेकर' यातायात में सहायक न होकर बाधक बन गए हैं । इस परिस्थिति की पूर्ण जानकारी देते हुए नगर निगम के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए ।

**Question – 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :-**

जापान में समुद्रतट के समीप ही एक टीले पर एक परिवार बसता था। उसके खेत भी टीले पर ही थे। समुद्र के तट पर टीले से नीचे एक गाँव था। शीतकाल समाप्त हो गया था। बसंत ऋतु ने चारों ओर अपना उल्लास बिखेर दिया था। खेतों में फसलों की सुनहरी बालियाँ झूम रही थीं। ऐसे आनन्दपूर्ण समय में उस गाँव में प्रतिवर्ष के समान वसन्त ऋतु के स्वागत के लिए एक मेले का आयोजन किया गया।

आसपास की बस्तियों से स्त्री-पुरुष, बालक-युवा रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर मेले में आए थे। एक विशाल जन-समुदाय एकत्रित हुआ था। लोग खाने-पीने, वस्तुएँ खरीदने, गाने-बजाने तथा आनन्द मनाने में मस्त थे। गाँवों में कतिपय वृद्ध-जन घर तथा खेतों की रखवाली के लिए बच गए थे।

समुद्रतट के समीप के टीले पर जो परिवार रहता था, उसके सदस्य भी कुछ सज-धजकर नीचे मेले में चले गए थे। कुछ ऊपर बैठे-बैठे मेले का आनन्द ले रहे थे। उस परिवार का वृद्ध सदस्य हागामुची घर से बाहर बैठा अपने पोते को गोद में खिला रहा था, साथ ही मेले पर भी दृष्टि डाल लेता था।

हागामुची अचानक चौंक गया ! उसकी दृष्टि मेले से हटकर समुद्र पर पड़ी, पौत्र को गोद से उतारकर, उसे नीचे बैठाकर वह उठ खड़ा हुआ। समुद्र का जल अकस्मात अस्वाभाविक रूप से बहुत पीछे हट गया था। हागामुची के मन में प्रश्न उठा-"यह क्या हुआ? समुद्र का जल इस प्रकार एक-साथ पीछे क्यों हटा ?"

समुद्र में पहले जहाँ जल था, वहीं रेत दिख रही थी। हागामुची को अपने बचपन की एक घटना का स्मरण हुआ और वह काँप गया। तब वह बहुत छोटा था, उस समय भी समुद्र पीछे हटा था, रेत भी दिखाई पड़ी थी। उसके बाद ही आकाश छूती लहरें उमड़ पड़ी थीं। समुद्रतट से दूर तक के गाँव जलमग्न हो गए थे। हागामुची की दृष्टि दूर समुद्र पर ही टिकी थी। उसे लगा कि बहुत दूर जल में भारी उथल-पुथल मची है।

हागामुची ने लोगों को पुकारना प्रारम्भ किया, किन्तु मेले के शोरगुल में उसकी पुकार कौन सुनता ? एक ही उपाय था, लोगों की प्राणरक्षा का, कि सब लोग अविलम्ब टीले पर चढ़ जाएँ, किन्तु यह कैसे हो ? हागामुची के मन में एक विचार आया। उसने चूल्हे से जलती लकड़ी निकाली और अपने खेतों में आग लगाने दौड़ पड़ा। खड़ी पकी फसल-वर्ष भर के निर्वाह का आधार, किन्तु मनुष्यों के प्राणों का मूल्य उससे कहीं अधिक था।

हागामुची ने क्षितिज को छूती समुद्र की लहरें देखीं। उसे लगा कि खेतों के जलने पर मेले के राग-रंग में डूबे लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं; तभी हागामुची ने बिना क्षण भर गँवाए अपने घर में आग लगा दी, घर धू-धू करके जलने लगा।

"यह क्या ? क्या कह रहें हैं आप?" घर के जो सदस्य टीले पर थे, चिल्लाते हुए घर से बाहर भागे। उन्हें लगा कि बूढ़ा पागल हो गया है; किन्तु लोग रोकें, इससे पूर्व ही घर से ऊँची लपटें उठने लगी थीं। मेले में सुरक्षा के लिए आए दमकलों के घंटे घनघनाने लगे। भीड़ ने लपटें देखीं, लोग टीले पर दौड़े। दुकान, सामान सब छोड़कर लोग हागामुची के घर की अग्नि बुझाने टीले पर चढ़े। इतने में तो जैसे प्रलयकाल आ गया। समुद्र एक साथ उमड़ पड़ा। आस-पास मीलों तक लहरें हाहाकार करती दौड़ पड़ी। टीले पर मेले के प्रायः सभी मनुष्य पहुँच चुके थे, उनका जीवन सुरक्षित हो गया था। अपने सर्वस्व की आहुति देकर हागामुची ने उन्हें बचा लिया था। हागामुची की मूर्ति बनाकर बाद में लोगों ने मन्दिर में रखी।

(i) मेला कहाँ और क्यों आयोजित किया जाता था ? **[2]**

(ii) मेले में कौन आए थे ? वे किस प्रकार आनन्द मना रहे थे ? **[2]**

(iii) हागामुची को बचपन की किस घटना का स्मरण हुआ और क्यों ? **[2]**

(iv) लोगों की प्राण-रक्षा के लिए हागामुची ने क्या उपाय किए ? **[2]**

(v) लोगों ने हागामुची की मूर्ति बनाकर मन्दिर में क्यों रखी ? **[2]**

**Question – 4**

**Answer the following according to the instructions given below :-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **[8]**

**(i) 'उर्वर' का विलोम शब्द बताइए :**

(a) ऊसर

(b) प्रचुर

(c) आद्र

(d) उसर

**(ii) 'नौका' का उचित पर्यायवाची शब्द बताइए :**

(a) तारिणी -तरी

(b) पोत – तरिणी

(c) नाव -सलिला

(d) तरी -मकर

**(iii) 'लोभी' की भाववाचक संज्ञा बताइए :**

(a) लालची

(b) लोभ

(c) लाचार

(d) लोभपन

**(iv) 'अपेक्षा' का विशेषण बताइए :**

(a) अपेक्षित

(b) उपेक्षा

(c) आपेक्षा

(d) आपेक्षित

**(v) 'भष्टार्चार' का शुद्ध रूप बताइए :**

(a) भष्टाचार

(b) भाष्टार्चार

(c) भृष्टाचार

(d) भ्रष्टाचार

**(vi) 'घड़ों पानी पड़ जाना' मुहावरे का अर्थ बताइए :**

(a) भीग जाना

(b) गुस्सा करना

(c) अत्यंत लज्जित होना

(d) घड़े से पानी पीना

(vii) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :**

**विद्वान पुरुष सम्राट के साथ रहता है । (लिंग बदलिए)**

(a) विद्वान पुरुष सम्राज्ञी के साथ रहता है ।

(b) विदुषी महिला सम्राट के साथ रहती है ।

(c) विदुषी महिला सम्राज्ञी के साथ रहती है ।

(d) विदुषी महिलाएँ सम्राज्ञी के साथ रहती है ।

(viii) **निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :**

**जो विद्यार्थी जानने की इच्छा रखता है वो किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।**

**(रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है)**

(a) सीखने वाला विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(b) ज्ञानी विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(c) जिज्ञासु विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

(d) बुद्धिमान विद्यार्थी किसी भी बात को जल्दी सीख जाता है ।

## SECTION - B (40 Marks)

*Questions from only two textbooks are to be answered.*
*Attempt four questions from this section.*
*You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen*

## साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ
## SAHITYA SAGAR - SHORT STORIES

**Question – 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**बेनीमाधव सिंह पुराने आदमी थे । इन भावों को ताड़ गए । उन्होंनें निश्चय किया कि चाहें कुछ भी क्यों न हो, इन द्वेषियों को ताली बजाने का अवसर न दूँगा । तुरंत कोमल शब्दों में बोले " बेटा, मैं तुमसे बाहर नहीं हूँ । तुम्हारा जो जी चाहे करो, अब तो लडके से अपराध हो गया । "**

**बड़े घर की बेटी - प्रेमचंद**

**Bade Ghar Ki Beti - Premchand**

(i) उपर्युक्त कथन के वक्ता एवं श्रोता का परिचय दीजिए । **[2]**

(ii) 'इन भावों को ताड़ गए' कथन किस सन्दर्भ में कहा गया है ? श्रोता ने उसे क्यों नहीं समझा था ? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

(iii) किस लड़के से, कौनसा अपराध हो गया था और क्यों ? समझाकर लिखिए । **[3]**

(iv) क्या श्रोता ने अपने भाई को उसके अपराध के लिए माफ़ किया ? श्रोता का ह्रदय परिवर्तन कराने में कौन, किस प्रकार सहायक था ? **[3]**

Pati's ICSE ACADEMY

**Question – 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**ज्यों -ज्यों चुनाव समीप आता, भेड़ों का उल्लास बढ़ता जाता ।**
**ज्यों -ज्यों चुनाव समीप आता, भेडियों का दिल बैठता जाता**

**भेड़ें और भेड़िए - श्री हरिशंकर परसाई**
**Bhede or Bhedye - Shree Hrishnkar Parsaai**

(i) चुनाव कहाँ होने वाला था और क्यों ? **[2]**

(ii) भेड़ोंके उल्लसित होने का क्या कारण था ? क्या उनका उल्लास चिर स्थायी रहा ? **[2]**

(iii) 'दिल बैठना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । भेडियों का दिल बैठने का क्या कारण था ? क्या उनका दिल बैठना उचित था ? **[3]**

(iv) 'भेड़ें और भेड़िए' कहानी वर्तमान प्रजातांत्रिक चुनाव प्रणाली का सच्चा स्वरूप प्रस्तुत करती है -कैसे ? पाठ के उदाहरण से कथन स्पष्ट कीजिए । **[3]**

**Question – 7**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**विपत्ति में भी मेरे पति ने धर्म नहीं छोड़ा। धन्य हैं मेरे पति! सेठ के चरणों की रज मस्तक पर लगाते हुए बोली, "धीरज रखें,भगवान सब भला करेंगे।"**

**'महायज्ञ का पुरस्कार' - लेखक- यशपाल**
**Mahayagya kaa Purskar - Yashpal**

(i) विपत्ति में भी सेठजी ने अपना कौनसा धर्म निभाया और कैसे ? **[2]**

(ii) वक्ता ने अपने पति की रज मस्तक पर क्यों लगाई ? **[2]**

(iii) 'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी के द्वारा लेखक ने क्या संदेश दिया है ? **[3]**

(iv) प्रस्तुत पाठ के आधार पर सेठ जी की विशेषताएँ बताइए। **[3]**

## एकांकी संचय
## EKANKI SANCHAY

**Question – 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**'इस फ़र्नीचर पर हमारे बाप-दादा बैठते थे, पिता बैठते थे, चाचा बैठते थे। उन लोगों को कभी शर्म नहीं आई, उन्होंने कभी फ़र्नीचर के सड़े-गले होने की शिकायत नहीं की।'**

**"सूखी डाली"- उपेंद्रनाथ' अश्क़**
**Sukhi Dali - Upendhanaath Ashk**

(i) उपर्युक्त अवतरण का वक्ता कौन है और इस समय वह किससे और क्यों बहस कर रहा है ? **[2]**

(ii) श्रोता बेला के मायके और ससुराल में क्या अंतर है ? **[2]**

(iii) घर के फ़र्नीचर के बारे में वक्ता की राय क्या थी और वह उसे क्यों नहीं बदलना चाहता था ? **[3]**

(iv) 'सूखी डाली' एकांकी किस पृष्ठ भूमि पर आधारित है? इसके शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। **[3]**

## Question – 9

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**बहुत भोली माताजी बहुत प्यारी, जो एक बार देख लेता है, वह फिर उस रूप को भुला नहीं सकता। बार-बार देखने को मन करता है। बड़ी-बड़ी काली आँखें, उनमें शैशव की भोली मुस्कराहट, अनजाने में ही लज्जा से लाल हुए कपोलों पर रहने वाली ऐसी हंसी।**

**संस्कार और भावना- विष्णु प्रभाकर**

**Sanskar or Bhavna - Vishnu Prabhakar**

(i) उपर्युक्त वाक्य का वक्ता कौन है ? यह श्रोता को किसके विषय में बता रही है ? **[2]**

(ii) वक्ता ने बड़ी बहू के चरित्र तथा रूप का वर्णन किस प्रकार किया ? **[2]**

(iii) संस्कारों की दासता के कारण माँ को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ? **[3]**

(iv) संस्कारों और भावनाओं में से आप किसको अधिक महत्त्व देते हैं और क्यों ? इस विषय में आप अपने विचार व्यक्त कीजिए । **[3]**

## Question – 10

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**जिस राज्य पर रत्ती भर भी अधिकार नहीं था, उसी को पाने के लिए तुमने युद्ध ठाना, यह स्वार्थ का तांडव नृत्य नहीं तो और क्या है? भला किस न्याय से तुम राज्याधिकार की माँग करते थे ?**

**महाभारत की एक साँझ -**

**लेखक- भारत भूषण अग्रवाल**

**Mahabharat ki ek Sanjh - Bharat Bhushan Agraval**

(i) उपर्युक्त अवतरण के वक्ता तथा श्रोता के बारे में बताइए। **[2]**

(ii) उपर्युक्त अवतरण में किस अधिकार की बात की जा रही है ? **[2]**

(iii) प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य लिखिए। **[3]**

(iv) महाभारत के युद्ध से हमें कौन-सी सीख मिलती है ? **[3]**

## साहित्य सागर - पद्य भाग
## SAHITYA SAGAR - PADYA BHAG

**Question - 11**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**साईं सब संसार में ,मतलब का व्यवहार ।**
**जब लग पैसा गांठ में, तब लग ताके यार ।**
**तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोल**
**पैसा रहे न पास, यार मुख से नहीं बोले ।**
**कह ' गिरधर कवियार' जगत यही लेखा भाई ।**
**करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साईं ।।**

**गिरधर की कुंडलियाँ - गिरिधर कविराय**
**Girdhar ki kundliya - Giridhar kaviray**

(i) संसार में लोग कैसा व्यवहार करते हैं ? **[2]**

(ii) लोग मित्र किसे बनाते हैं और क्यों ? **[2]**

(iii) लोग किनसे बाते करना पसंद नहीं करते और क्यों ? **[3]**

(iv) किस प्रकार के लोग बिरला होते हैं ? समझाइए । **[3]**

**Question – 12**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**खीजन जात, माखन खात ।**
**अरुण लोचन, भौंह टेड़ी, बार -बार ज्म्हात ।**
**कबहुँ रुनझुन चलत घुटुरन, धूर-धूसर गात ।**
**कबहुँ झुक के अलक खेचत ,नैन जल भर लात ।**
**कबहुँ तुतरे बोल बोलत, कबहुँ बोलत तात ।**
**'सूर' हरि की निरखि सोभा, निमिख तजत न मात ।**

**सूर के पद : सूरदास**
**Sur ke Pad : Surdas**

(i) प्रस्तुत पद में सूरदासजी ने कृष्ण के किस रूप का चित्रण किया है तथा कृष्ण की झल्लाहट का क्या कारण है ? **[2]**

(ii) कृष्ण झल्लाहट में क्या -क्या कह रहे हैं ? **[2]**

(iii) सूर की भक्ति भावना बताते हुए उनका संक्षिप्त परिचय लिखिए | **[3]**

(iv) पद के आधार पर निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- **[3]**

लोचन, धूल -धूसर, गात, निरखि, तजत, घुटुरन

## Question – 13

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**'चाट रहे जूठी पत्तल वे कभी सड़क पर खड़े हुए**
**और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए ।'**

**भिक्षुक - सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'**

**Bhikshuk - Suryakant Tripathi 'Nirala'**

(i) ' वे ' कौन हैं और क्या कर रहे हैं ? **[2]**

(ii) इस कार्य में उन्हें किससे लड़ना पड़ता है और क्यों ? **[2]**

(iii) उस व्यक्ति के साथ और कौन हैं तथा उनकी क्या दशा है ? **[3]**

(iv) यह कविता किस समस्या पर प्रकाश डालती है ? इसके कारण व सुझाव लिखिए । **[3]**

### नया रास्ता - सुषमा अग्रवाल

### NAYA RAASTA - SUSHMA AGARWAL

## Question – 14

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**"यह सब समय का फेर है, दीदी ! मेरे भाग्य में यही सब लिखा था । मुझे एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई थी । मैं अपने को बहुत खुशनसीब समझ रहा था कि मुझे इतनी छोटी उम्र में ही नौकरी मिल गई।"**

(i) ' दीदी ' कह कर किसे संबोधित किया गया है ? वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **[2]**

(ii) ' समय का फेर ' किसे कहा जा रहा है और इस समय के फेरे से वक्ता पर क्या प्रभाव पड़ा था ? **[2]**

(iii) ' दीदी ' ने वक्ता की सहायता क्यों, कब और किस प्रकार से की थी ? **[3]**

(iv) अवतरण में दी गई पंक्तियों के आधार पर उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए कि मुसीबत में पड़े व्यक्ति की सहायता करना ही मनुष्य का सब से बड़ा धर्म और कर्तव्य होता है । **[3]**

**Question - 15**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**उसके ह्रदय में तूफ़ान उठता कि वह एक लड़की जरूर है, परन्तु उसके अन्दर हिम्मत तथा साहस है । मीनू अभी अपनी पढ़ाई में तल्लीन थी कि अचानक उसे ख्याल आया कि परसों उसे नीलिमा की शादी में जाना है ।**

(i) मीनू बचपन से पढ़ाई में कैसी थी ? अभी वह कौन - सी पढ़ाई कर रही थी ? **[2]**

(ii) मीनू ने नीलिमा की शादी में कितने दिन पहले जाने का निश्चय किया ? तथा विवाह के उपलक्ष्य में उसे भेंट देने के लिए मीनू ने क्या खरीदा ? **[2]**

(iii) नीलिमा कौन थी ? उसकी शादी कहाँ हो रही थी ? मीनू के पूछने पर उसने अपने होने वाले पति के बारे में क्या -क्या बताया ? **[3]**

(iv) नीलिमा के विवाह में मीनू द्वारा गाए गए मधुर गीत की प्रशंसा करने वाला नवयुवक कौन था ? उसके मुँह से प्रशंसा सुनकर मीनू प्रसन्न क्यों नहीं हुई ? **[3]**

**Question – 16**

**Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-**

**"दूसरे ही क्षण मीनू उसके सामने आ गई और खुशी से उसके हाथ चूम लिए । अरे मीनू ,आज तो बहुत प्रसन्न दिखाई दे रही हो । क्या बात है ? नीलिमा ने पूछा ।"**

(i) मीनू कौन है ? उसकी प्रसन्नता का कारण क्या है ? **[2]**

(ii) 'उसके 'सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? **[2]**

(iii) मीनू के चेहरे पर किस बात को सोचकर उदासी छा जाती है ? मीनू की उदासी कब और किस प्रकार दूर होती है ? समझाकर लिखिए । **[3]**

(iv) प्रस्तुत उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **[3]**

*************************************

Pati's
ICSE ACADEMY

# Prepare for ICSE CLASS 10
# Hindi

## Free Resources

## SCAN QR CODE Now

Pati's ICSE ACADEMY

**Scan QR code** for Free Access to
500+ Prelim Papers across 20 subjects

